CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
राजस्थान, दिल्ली, छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित
RNI NO. RAJHIN/2023/89729

# दैनिक मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com
मो. 9653906665

अंक 02/124 | जयपुर | 23 मई /2025 | शुक्रवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ: 04



## संक्षिप्त समाचार

### जस्टिस रमण बोले-दुर्भावना से किया गया मेरा ट्रांसफर

**इंदौर।** मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बेंच के जज जस्टिस दुप्पला वेंकट रमण ने कहा कि 2023 में गृह राज्य आंध्र प्रदेश से दुर्भावना और परेशान करने के लिए उनका ट्रांसफर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट किया गया। जस्टिस रमण 2 जून को रिटायर हो रहे हैं। मंगलवार को अपने विदाई समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। जस्टिस रमण ने जजों और बार के सदस्यों के सामने कहा कि ऐसा लगता है कि मेरा तबादला आदेश गलत इरादे और मुझे परेशान करने के लिए किया गया। मुझे मेरे गृह राज्य से ट्रांसफर कर दिया गया था। मैं उनके अहंकार के संतुष्ट होने के लिए खुश हूं। अब वे रिटायर हो चुके हैं। ईश्वर न तो क्षमा करता है और न भूलता है। उन्हें दूसरे तरीके से भी कष्ट उठाना पड़ेगा। जस्टिस रमण ने आगे कहा- मैंने आंध्र के बाद दूसरे विकल्प के रूप में कर्नाटक राज्य में ट्रांसफर चाहा था, ताकि मेरी पत्नी को बेहतर इलाज मिल सके। वह कोविड महामारी के कारण पैरोक्सिस्मल नॉन-एपिलेप्टिक दौरे और मस्तिष्क की बीमारी से पीड़ित थीं। लेकिन तत्कालीन मुख्य न्यायाधीशों के कार्यकाल के दौरान इस पर न तो विचार किया गया और न ही उसे खारिज किया गया। मैंने 1 नवंबर 2023 को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में पदभार संभाला था। 19 जुलाई 2024 और 28 अगस्त 2024 को एक आवेदन भेजा, लेकिन उस पर न तो विचार किया गया और न ही खारिज किया गया।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद अटारी-वाघा बॉर्डर पर हुई रिट्रीट सेरेमनी

**अमृतसर।** भारत-पाकिस्तान के बीच अटारी-वाघा बॉर्डर पर सोमवार को 12 दिन बाद रिट्रीट सेरेमनी आयोजित की गई। यह सेरेमनी 6-7 मई की रात हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' एयर स्ट्राइक के बाद पहली बार हुई है। बीएसएफ ने इस बार कार्यक्रम में कई बदलाव किए हैं। इस बार दोनों देशों के बॉर्डर गेट बंद रखे गए और पारंपरिक हैंडशेक भी नहीं हुआ। भारत की ओर बड़ी संख्या में लोग तिरंगा लेकर पहुंचे थे, जबकि पाकिस्तानी गैलरी लगभग खाली नजर आई। भीड़ दिखाने के लिए पाकिस्तानी रेंजर्स ने वहां स्थानीय वर्कर्स को बिठाया हुआ था। सेरेमनी के दौरान बीएसएफ की महिला जवानों की टुकड़ी ने भी परेड में भाग लिया, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। अटारी-वाघा के अलावा फिरोजपुर के हुसैनीवाला और फाजिल्का के सादकी बॉर्डर पर भी नियमित रिट्रीट सेरेमनी का आयोजन हुआ। यहां बताते चलें कि रिट्रीट सेरेमनी की शुरुआत भारत और पाकिस्तान के बीच 1959 में एक परंपरा के रूप में हुई थी, लेकिन मौजूदा हालातों के चलते इसका स्वरूप अब बदलता नजर आ रहा है।

### भाजपा आईटी सेल प्रमुख और अर्नब गोस्वामी पर एफआईआर

**बेंगलुरु।** भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय और रिपब्लिक टीवी के जर्नलिस्ट अर्नब गोस्वामी के खिलाफ कांग्रेस ने एफआईआर की है। दोनों पर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाने का आरोप है। अमित मालवीय ने 17 मई को अर्नब गोस्वामी एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वो बता रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी का तुर्किये में रजिस्टर्ड ऑफिस है। मालवीय ने लिखा- राहुल गांधी को बताना चाहिए कि ऐसा करने की जरूरत क्यों पड़ी। यह हैरान और समझ से बाहर का मामला है। देश को इसका सच जानने का हक है। इसी वीडियो को लेकर शिकायत में कहा गया है कि ऐसा सोची-समझी रणनीति के तहत देश की जनता को गुमराह और कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने के लिए किया गया है। यह लोगों की भावनाओं को भड़काने, देश की सुरक्षा और लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश है। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक तनाव के बीच तर्किये ने पाकिस्तान को खुलकर समर्थन दिया था। साथ ही भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे। इसके बाद देशभर में तुर्किये को बॉयकॉट किया गया।

# पीएम बोले- हमारी सेना पाक को घुटनों पर लाई

## अब मोदी की नसों में खून नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा; ऑपरेशन सिंदूर पर सुनाई कविता

**बीकानेर।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीकानेर के पलाना में हुई सभा में साफ कर दिया कि पाकिस्तान की हर हरकत का करारा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा- आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था। हमारी सेना ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।
मोदी ने कहा- पाकिस्तान एक बात भूल गया कि अब मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है। मोदी का दिमाग ठंडा है, लेकिन मोदी का लहू गर्म है। अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा है। पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर पर कविता भी सुनाई।
इससे पहले गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान की सीमा के नजदीक देशनोक से देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। बीकानेर-बांद्रा ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही 26 हजार करोड़ रुपए के अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया।
बीकानेर के नाल एयरबेस से मोदी सीधे करणी माता के मंदिर गए और पूजा-अर्चना की। यहां से पलाना गांव में जनसभा करने पहुंचे।

**पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर किया**

22 अप्रैल को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था। गोलियां पहलगाम में चली थीं, उन गोलियों से 140 करोड़ देशवासियों का सीना छलनी हुआ था। तीनों सेनाओं को खुली छूट दे दी थी और तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।

### 22 मिनट में आतंकी ठिकाने तबाह किए

पहलगाम हमले के जवाब में हमने 22 मिनट में आतंकियों के 9 सबसे बड़े ठिकाने तबाह किए। दुनिया ने देखा कि जब सिंदूर बारूद बन जाता है तो नतीजा क्या होता है? पांच साल पहले बालाकोट में देश ने एयरस्ट्राइक की थी। उसके बाद मेरी पहली जनसभा राजस्थान में हुई थी। वीर भूमि का ही ये तप है कि ऐसा संयोग फिर बना कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद बीकानेर में सभा हो रही है।

### आतंक से निपटने के तीन सूत्र तय किए


ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद से निपटने के तीन सूत्र तय किए। पहला, भारत पर आतंकी हमला हुआ तो करारा जवाब मिलेगा। समय हमारी सेनाएं तय करेंगी, तरीका भी हमारी सेना तय करेगी और शर्तें भी हमारी होंगी।

# छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ में 27 नक्सलियों का एनकाउंटर

डेढ़ करोड़ का इनामी नक्सली ढेर

## » 20 शव और हथियार बरामद, 1 जवान शहीद

■ जगदलपुर, एजेंसी।



छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में अबूझमाड़ के जंगल में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी 27 शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में 1.5 करोड़ का इनामी बसवा राजू भी शामिल है। वहीं फायरिंग में DRG (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) का एक जवान शहीद हो गया है। दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर जिले की सरहद पर मुठभेड़ चल रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के बोटेर में नक्सलियों का पोलित ब्यूरो सदस्य और नक्सल संगठन का महासचिव बसवा राजू मौजूद है। इसी आधार पर फोर्स को रवाना किया गया था। अबूझमाड़ के बोटेर पहुंचते ही जवानों पर नक्सलियों ने फायरिंग कर दी। सुरक्षाबलों के इस ऑपरेशन को प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने बड़ी कामयाबी बताया है।

### 7 दिन पहले 31 नक्सली मारे

**पुलिस ने 7 दिन पहले ही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कर्रेगुट्टा ऑपरेशन की जानकारी दी थी। छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर स्थित कर्रेगुट्टा के पहाड़ों पर सुरक्षाबलों ने 24 दिनों तक चले ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को मार गिराया था। इनमें 16 महिला और 15 पुरुष नक्सली शामिल हैं।**

नक्सल सूत्रों के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में करीब 40 सालों में हिड़मा ही इकलौता ऐसा नक्सली है जिसे संगठन के टॉप-2 टीम (सेंट्रल कमेटी) में जगह मिली है। वो भी तब जब नक्सल संगठन में अंदरूनी कलह चली और नक्सलियों को सिर्फ ढाल के रूप में इस्तेमाल करने की बात उठने लगी। वहीं DVCM (डिविजनल कमेटी मेंबर) के पद से देवा बारसे का प्रमोशन कर उसे DKSZCM (दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर) कैडर में शामिल कर कमांडर बनाया गया।




### शाह का दावा- 2026 तक खत्म कर देंगे नक्सलवाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अगस्त 2024 और दिसंबर 2024 में छत्तीसगढ़ के रायपुर और जगदलपुर आए थे। वे यहां अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग मंचों से नक्सलियों को चेताते हुए कहा था कि हथियार डाल दें। हिंसा करोगे तो हमारे जवान निपटेंगे। वहीं उन्होंने एक डेडलाइन भी जारी की थी कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। शाह के डेडलाइन जारी करने के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं।

# कांग्रेस का सवाल- पहलगाम के आतंकी पकड़े क्यों नहीं गए

## कोलकाता में 7 ड्रोन दिखे



**नई दिल्ली/श्रीनगर।** कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने बुधवार को पहलगाम अटैक को लेकर सरकार से सवाल किए। जयराम ने पूछा कि, पहलगाम में आतंकी हमला करने वाले टेररिस्ट कहां हैं। वे अब तक पकड़े क्यों नहीं गए। पीएम मोदी सांसदों को विदेश भेज रहे हैं लेकिन आतंकियों को पकड़ने में नाकाम रहे हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा पुंछ ब्रिगेड हेडक्वॉर्टर पहुंचे। उन्होंने सेना और बीएसएफ के जवानों से मुलाकात की और उन्हें मिठाई खिलाई। एलजी सिन्हा ने ऐलान किया कि जिन परिवारों ने अपने सदस्य खोए हैं, उनके एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कई घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई प्रशासन कर रहा है। पुनर्वास के लिए एक पैकेज केंद्र सरकार द्वारा मंजूर किया जाएगा। वहीं, कोलकाता में सोमवार रात 7 ड्रोन देखे जाने की खबर हैं। ये कहां से आए, इसकी कोई जानकारी नहीं मिली है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा- इसकी जांच की जा रही है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर टी-72 टैंक तैनात किए थे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया था कि टी-72 टैंक इस ऑपरेशन का अहम हिस्सा रहे।

# प्रोफेसर खान को अंतरिम जमानत

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- बोलने की आजादी के साथ कर्तव्य और जिम्मेदारी भी जुड़ी



**नई दिल्ली।** अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है, लेकिन जांच जारी रहेगी। कोर्ट ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) बनाने के निर्देश दिए हैं और साफ किया है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता संविधान प्रदत्त अधिकार है, लेकिन इस अधिकार के साथ कर्तव्य और ज़िम्मेदारी भी जुड़ी होती है। सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस सूर्यकांत ने प्रोफेसर अली खान की सोशल मीडिया पोस्ट पर सवाल उठाए। कोर्ट ने पूछा, कि देश पर संकट के समय, क्या इस तरह की टिप्पणियां देना जरूरी था? ऐसे समय में जब 'राक्षस' देश में घुस आए और निर्दोष नागरिकों पर हमला हुआ, तब क्या यह बयान जिम्मेदारीपूर्ण कहा जा सकता है? आगे कोर्ट ने यह भी कहा, कि हर किसी को बोलने का अधिकार है, लेकिन 'माया और संकेत' जैसे शब्दों का इस्तेमाल क्यों किया गया?

# लेखिका बानू की लघु कहानी हार्ट लैंप को मिला बुकर अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** कन्नड़ लेखिका बानू मुश्ताक की लघु कहानी हार्ट लैंप को अंतर्राष्ट्रीय बुकर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। उनकी इस किताब का अंग्रेजी अनुवाद दीपा भस्थी ने किया है। बानू की हार्ट लैंप अब लंदन के मशहूर जीबीपी 50,000 में अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाली पहली कन्नड़ किताब बन गई है। बुकर पुरस्कार मिलने से खुशी जाहिर करते हुए बानू ने कहा कि यह एक ही आकाश को रोशन करने वाले हजारों जुगनू जैसा है...पूरी तरह से शानदार और सामूहिक है। कर्नाटक की मशहूर कन्नड़ लेखिका, वकील और सामाजिक कार्यकर्ता 77 साल की बानू मुश्ताक अपने महिला केंद्रित साहित्य के लिए जानी जाती हैं। हार्ट लैंप के पहले भी उनकी कई रचनाएं प्रकाशित हुई हैं। इतना ही नहीं वह कई बार कर्नाटक साहित्य अकादमी पुरस्कार भी जीत चुकी हैं।



## आईएसआई एजेंट से वॉट्सएप चैट आई सामने

# ज्योति बोली- पाकिस्तान में शादी करवा दो



**हिसार/चंडीगढ़।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के शक में पकड़ी गई हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के अधिकारी से एक और वॉट्सएप चैट सामने आई है। हसन अली, ज्योति से कहता है, जो यार, मेरे दिल से दुआ निकलती है हमेशा कि आप खुश रहो। आप हमेशा हंसते-खेलते रहो, जीवन में कभी कोई गम नहीं आएगा। इस पर ज्योति ने हसन को हंसी वाले इमोजी के साथ कहा, मेरी शादी पाकिस्तान में करवा दो। वहीं, ज्योति एक साल पहले पठानकोट गई थी। हालांकि उसने वहां ट्रैवलिंग से जुड़ा कोई वीडियो नहीं बनाया था, लेकिन फेसबुक पर शेयर की गई फोटो और एक छोटी सी क्लिप से उसके वहां जाने का खुलासा हो गया। जिसके बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी और इंटेलिजेंस ब्यूरो की टीम उसे मंगलवार (20 मई) को पठानकोट लेकर गई। एनआईए ने उसकी पठानकोट विजिट को संदिग्ध माना है। कयास है कि वह यहां आर्मी कैंट और एयरबेस की रेकी के मकसद से आई थी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान आर्मी ने पठानकोट में आर्मी कैंट और एयरबेस को टारगेट करने की कोशिश की थी। यहां 2016 में भी हमला हो चुका है। फोरेंसिक जांच में ज्योति के मोबाइल से सेना से जुड़ी चीजें मिली हैं। साथ ही बैंक अकाउंट में दुबई से ट्रांजैक्शन भी पाया गया। जम्मू-कश्मीर के एक यूट्यूबर को भी वहां की पुलिस चंडीगढ़ लेकर आई। उसे भी ज्योति के सामने बैठाकर पूछताछ की गई।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत में बढ़े साईबर अटैक, सभी किए नाकाम

## डीएससीआई ने पहली बार किया संयुक्त कार्यबल गठित



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारतीय व्यवसायों पर नाटकीय रूप से साइबर हमले हो रहे हैं। उद्योग के अनुमान के मुताबिक साइबर हमलों में 1.5 से 3 गुना वृद्धि हुई है। हालांकि सरकारी एजेंसियों, उद्योग निकायों और निजी साइबर सुरक्षा फर्मों के बीच सहयोग से अधिकांश औद्योगिक संस्थान सेंधमारी के इन प्रयासों को विफल करने में सफल रहे हैं। नतीजतन इनका असर बहुत कम हुआ। डेटा सुरक्षा के लिए उद्योग के गैर-लाभकारी निकाय भारतीय डेटा सुरक्षा परिषद (डीएससीआई) ने पहली बार निजी क्षेत्र की कंपनियों सहित अन्य हितधारकों के साथ संयुक्त कार्यबल गठित किया है, जिसका मकसद खतरे की खुफिया जानकारी के मूल स्रोत का पता लगाना और साइबर सुरक्षा के लिए समन्वित कार्रवाई करना है। इसे जवाबी कार्रवाई के हिसाब से सक्रिय किया गया, ताकि साइबर हमले की जानकारी साझा करने और बचाव के लिए उसी अनुरूप त्वरित प्रतिक्रिया देने में मदद मिली। नैसकॉम द्वारा स्थापित डीएससीआई नीति बनाने, क्षमता बढ़ाने और जागरूकता गतिविधियों के लिए सरकारों और उनकी एजेंसियों, नियामकों, उद्योग और उससे जुड़े संगठनों के साथ काम करता है। मीडिया रिपोर्ट में उद्योग जगत के सूत्र के हवाले से बताया गया है कि ऐसा पहली बार है जब हमने विभिन्न विभागों और निजी कंपनियों से इस तरह का एकजुट समर्थन और सूचनाओं के आदान-प्रदान की व्यवस्था देखी। डीएससीआई द्वारा गठित कार्यबल की ओर से खतरे वाले कारकों पर नियमित रूप से जानकारी साझा की गई ताकि जोखिम प्रोफाइल को लगातार अद्यतन किया जा सके। एक सुरक्षा फर्म के वरिष्ठ कार्यकारी ने कहा कि बहुत सारी जानकारी साझा की जा रही थी, जिससे हमलों से निपटने में मदद मिली। अन्यथा हम वही करते जो हम करते आए हैं।

## नेशनल हेराल्ड मामले में हुई सुनवाई, कोर्ट ने कहा-

# कंपनी की हर गतिविधि मनी लॉन्ड्रिंग नहीं हो सकती

■ नई दिल्ली, एजेंसी।




नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दायर आरोप-पत्र पर सुनवाई के दौरान ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट से कहा कि अनुसूचित अपराध मनी लॉन्ड्रिंग के लिए एक ट्रिगर है और यह अपराध की गतिविधि हो सकती है, लेकिन कंपनी की हर गतिविधि मनी लॉन्ड्रिंग नहीं हो सकती। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान ईडी से पूछा कि क्या ये शेयर अनुसूचित अपराधों से उत्पन्न है? कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसी को कुछ चीजों को अपराध की आय के रूप में पहचानना होगा। कोर्ट ने पूछा क्या मनी लॉन्ड्रिंग की कार्यवाही के उद्‌देश्य के लिए शेयर, संपत्ति और किराए अपराध की आय बने रहेंगे? अदालत ने यह टिप्पणी और सवाल तब किए जब ईडी ने कहा कि यंग इंडियन के पास आरोपितों के लाभ के लिए जारी रखने के अलावा कोई व्यावसायिक गतिविधि नहीं थी। ईडी ने कहा शेयर, संपत्ति और किराया अपराध की आय है, जबकि विज्ञापन और ऋण को बाहर रखा गया। वहीं कोर्ट ने ईडी से पूछा कि क्या आपके पास फोरेंसिक ऑडिटर है? कोर्ट को यह देखना होगा कि कंपनियां कैसे काम करती हैं और शेयर जारी करने के लिए क्या स्वीकार्य तरीके हैं। इसके जवाब में ईडी ने कहा कि यह केवल अपराध की आय से प्राप्त संपत्ति से संबंधित हैं। एक बार शेयर जारी होने के बाद यह एक संपत्ति है। यंग इंडियन को एजेएल के शेयर जारी करना अपराध है। नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने 15 अप्रैल को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी समेत अन्य के विरुद्ध आरोप-पत्र दाखिल किया था। कोर्ट इस मामले में 2 जुलाई से 8 जुलाई तक प्रतिदिन सुनवाई करेगी।

### पिता राजीव गांधी को याद कर राहुल ने लिखा- आपके अधूरे सपने पूरे करना मेरा संकल्प

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आज एक भावुक पोस्ट लिखी है। उन्होंने पिता स्व.राजीव गांधी का स्मरण करते हुए लिखा कि आपके अधूरे सपनों को पूरा करना ही मेरा संकल्प है। बता दें देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर राहुल गांधी ने लिखा कि पापा, आपकी यादें हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन करती हैं। राहुल गांधी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर दो तस्वीरों को शेयर किया। एक तस्वीर में वह अपने पिता के साथ बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि दूसरी तस्वीर राजीव गांधी की समाधि स्थल की है, जहां राहुल अपने पिता को हाथ जोड़कर श्रद्धांजलि देते हुए नजर आ रहे हैं। राहुल गांधी ने इन तस्वीरों के साथ एक भावुक संदेश भी साझा किया। उन्होंने लिखा, पापा, आपकी यादें हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन करती हैं। आपके अधूरे सपनों को साकार करना ही मेरा संकल्प है और मैं इन्हें पूरा करके रहूंगा।

# भीषण गर्मी के मद्देनजर कलेक्टर ने जलदाय विभाग, अन्नपूर्णा रसोई, अस्पताल सहित विभिन्न स्थानों का किया औचक निरीक्षण

मरुधर विशेष

**संवाददाता सलीम खान डीग-।** जिले में बढ़ती गर्मी के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डीग उत्सव कौशल बुधवार व गुरुवार को कुम्हेर उपखंड के दौरे पर रहे। आम जनता तक प्रशासन के लाभ को पहुंचाने की मंशा से उन्होंने रात्रि विश्राम पंचायत ट्रेनिंग सेंटर बैलारा में किया।

### तमरेर व बोरई में किया गया मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन कार्यों का निरीक्षण

जिलेवासियों को मौसमी बीमारियों से निजात दिलाने, पर्याप्त पेयजल सुनिश्चित करने, विद्युत आपूर्ति, सर्वोतम पोषण, छायादार शेड, वृक्षारोपण व वृक्षरक्षण सहित अन्य जरूरी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने कुम्हेर उपखंड के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय, उप जिला चिकित्सालय, जेवीवीएनएल कार्यालय, पंचायत समिति, अन्नपूर्णा रसोई, बस स्टैंड प्याऊ, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन कार्य तमरेर व बोरई, मांढ़ेरा नर्सरी सहित अन्य राजकीय कार्यों एवं स्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और सुविधाओं को दुरुस्त रखने के जरूरी दिशा-निर्देश दिए।




### आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के भविष्य की नींव है-डीएम

उन्होंने बुधवार को आंगनवाड़ी केंद्र कुम्हेर एवं गुरुवार को प्रातः ही नगला मांझी के आंगनवाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर द्वारा बच्चों को मिल रही पोषण, स्वास्थ्य जांच एवं विकासात्मक गतिविधियों की स्थिति का जायजा लिया गया। उन्होंने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश दिये। उन्होने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के भविष्य की नींव है, यही से बच्चों में शिक्षा, संस्कार एवं स्वच्छता का उदय होता है। आंगनवाड़ी केंद्र में निरीक्षण कर आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों का वजन व हाइट को लेकर उनकी पोषण स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हमें मौसम के अनुकूल व पौष्टिक आहार लेना चाहिए। बच्चे एक ही तरह के आहार के बजाय विभिन्न प्रकार के पोष्टिक आहार के प्रति आकर्षित होते हैं। माताएं अपने बच्चों को पौष्टिक व मौसमी फल सब्जियों से भरपूर आहार सलाद दूध इत्यादि सही मात्रा व रुचि पूर्ण तरीके से बना कर दें, ताकि बच्चे भोजन की सही आदतों के प्रति आकर्षित हो।

### स्वच्छ वातावरण रखना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी

आगामी मानसून के दृष्टिगत श्री कौशल ने मांढ़ेरा के नर्सरी का निरीक्षण किया और डीग जिले में हरियालो राजस्थान की संकल्पना को साकार करने के लिए पौधों की इन्वेंटरी को देख स्वस्थ, मजबूत और रोग-मुक्त पौधों के संधारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगे आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण प्रदान करना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान स्वच्छता एवं पौधारोपण में देश में अग्रणी राज्य के रूप में उभर रहा है। उन्होंने आमजन से अपील कि की वे अधिक से अधिक पौधारोपण करें। साथ ही, स्वच्छता के प्रति जागरूक होते हुए पॉलिथीन का उपयोग न करने का संकल्प लें।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुसार आमजन को पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध करवाए

निरीक्षण के क्रम में उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुसार आमजन को पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध करवाने के लिए कुम्हेर बस स्टेंड स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। कुम्हेर बस स्टेंड पर ही नगर पालिका द्वारा संचालित प्याऊ का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान मटकों को साफ रखने, ठंडा पानी सुनिश्चित करने एवं छायादार बैठक व्यवस्था प्रदान करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। श्री अन्नपुर्णा रसोई संचालकों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध करवाते हुए पर्याप्त साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। भोजन का मेन्यू उचित स्थान पर प्रदर्शित करते हुए स्वच्छ पानी, बिजली, मौसम के अनुसार सब्जी, बर्तन धोने की जगह सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### फील्ड में रहकर करें आमजन की समस्याओं का समाधान

इस अवसर पर कुम्हेर में जेवीवीएनएल कार्यालय एवं पीएचईडी कार्यालय का निरीक्षण किया गया। गर्मी के मौसम में हेल्पलाइन नंबर सुचारू रखने, निरंतर फील्ड में विजिट करने, अवैध कनेक्शन काटने, नियमित रूप से पानी व विद्युत सप्लाई प्रदान करने के निर्देश दिए गए। उप स्वास्थ्य केंद्र चुल्हेरा व दिदावली एवं उप जिला चिकित्सालय कुम्हेर के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने, गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधा देने तथा पर्याप्त दवाइयां रखने के निर्देश दिए गए। श्री कौशल ने उपखंड अधिकारी कार्यालय में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक भी ली। उन्होंने विशेष रूप से आगामी मॉनसून को लेकर पूर्व में जलभराव की समस्या को देखते हुए तैयारियां पूरी रखने को कहा है।

### जनहित के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करें अधिकारी

मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन कार्य तमरेर व बोरई का भी कलेक्टर द्वारा निरीक्षण किया गया। श्री कौशल ने अभियान के तहत प्रस्तावित कार्यों व परियोजनाओं में जल ग्रहण संरचनाओं का निर्माण, पारंपरिक जल स्त्रोतों की मरम्मत एवं रख रखाव,भू - जल रिचार्ज के लिए वर्षा जल का संग्रहण करने वाले कार्य कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को कराये जाने वाले कार्यों में गुणवत्ता व उपयोगिता का विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर द्वारा पंचायत समिति कुम्हेर का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण, कार्यों की प्रगति, और संबंधित अधिकारियों से कार्यों के बारे में आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से राजस्व प्रकरणों के निस्तारण, आमजन की परिवेदनाओं के समयबद्ध निराकरण और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए।

---

## एंजल अकेडमी विद्यालय खैरथल ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में दिया श्रेष्ठ परिणाम, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने दी बधाई

**होनहार छात्रा कंगना कौशलानी ने वाणिज्य संकाय में 99.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया राजस्थान टॉपर, सफलता का गाड़ा झंडा**





मरुधर विशेष

**मोहम्मद शकील/विजय सिंह खैरथल ।** स्थानीय एंजल एकेडमी उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरथल ने कक्षा 12वीं बोर्ड परिणाम में श्रेष्ठ परिणाम देकर संस्था सहित क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल मिठाई बांट कर एक दूसरे को दे रहे हैं बधाई। विद्यालय प्राचार्या श्रीमती ज्योति आड़तानी ने बताया कि एंजल एकेडमी उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरथल की होनहान छात्रा कंगना कौशलानी पुत्री गौरव कौशलानी ने वाणिज्य संकाय में 99.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राजस्थान टॉपर बन कर सफलता का झंडा गाड़ दिया हैं। उन्होंने बताया कि माननीय शिक्षा मंत्री मदन दिलावर जी ने होनहान छात्रा कंगना कौशलानी से फोन पर बात कर उन्हें बधाई दी है। कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करने पर संस्था प्रधान द्वारा समस्त स्टाफ़ एवं अभिभावकों को को धन्यवाद दिया गया है। होनहान छात्रा कंगना कौशलानी इसका श्रेय संस्था प्राचार्या श्रीमती ज्योति आड़तानी एवं गुरुजनों व अपने माता-पिता को दिया है। छात्र कंगना कौशलानी सीए बनने की इच्छा जाहिर की है।

---

*ग्राम पंचायत बैलारा कलां में रात्रि चौपाल*

## आमजन की परिवेदनाओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश

मरुधर विशेष

**संवाददाता सलीम खान** डीग, - आमजन की समस्याओं के निस्तारण के लिए जिला कलेक्टर उत्सव कौशल संपूर्ण जिले में संवेदनशीलता के साथ रात्रि चौपाल कर रहे है। जनसुनवाई के साथ-साथ रात्रि चौपाल के माध्यम से आमजन तक पहुंच कर समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रयासरत है। इसी सिलसिले में जिला कलेक्टर ने कुम्हेर पंचायत समिति के ग्राम पंचायत बैलारा कलां में रात्रि चौपाल की। ग्रामीणों ने कुम्हेर डीग रोड से बैलारा सड़क मरम्मत कार्य, आर ओ वाटर सप्लाई, अतिक्रमण हटवाने, जमीन का नामांतरण करने, नंगला मांझी के रास्ते को खुलवाने, पीएम किसान सम्मान निधि के तहत लाभान्वित करने, राजीव गांधी केंद्रों के सुरक्षा गार्ड का भुगतान करने, रोड पर स्पीड ब्रेकर बनाने, दिवंग्यता प्रमाण पत्र जारी करने, चंबल सप्लाई देने सहित 22 परिवाद दिए।



### परिवादों का होगा समयबद्ध निस्तारण

जिला कलेक्टर ने कहा कि आमजन द्वारा सौंपे गए सभी परिवादों का समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने सभी परिवेदनाओं को गंभीरता से सुना और प्रत्येक समस्या पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। श्री कौशल ने ग्राम वासियों से राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षण, सुगम सड़क मार्ग, निर्बाध बिजली, पेयजल जैसे आधारभूत सुविधाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए हरसम्भव प्रयास कर रही है।

### ग्रामीण अंचलों की समस्याओं का समाधान करना शासन की प्राथमिकता

इसके साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों के संबंध में प्रगति की जानकारी लेकर आवश्?यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों की समस्याओं का समाधान करना शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से दौरे करें और जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी सुनिश्चित करें। कलक्टर ने आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने व अन्य पात्र लाभार्थियों को भी प्रेरित करने को कहा। उन्होंने इस दौरान कहा कि प्रशासन द्वारा रात्रि चौपालों के माध्यम से एवं जनसुनवाई तथा विभिन्न पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण किया जा रहा है। जिला कलेक्टर ने आगामी मानसुन को देखते हुए ग्राम पंचायतों में अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर हरियालो राजस्थान को सफल बनाने की अपील की जिससे पर्यावरण स्वच्छ बन सके साथ ही अपनी पंचायतों में उचित साफ-सफाई कर सौन्दर्यीकरण सुनिश्चित करने को कहा।

---

## होटल मालिक ने आरसीएचओ पर भुगतान नहीं करने और धमकी देने का लगाया आरोप, जिला कलक्टर के पास पहुंची आरसीएचओ डागर की शिकायत

**प्रशिक्षण की स्वीकृत राशि 45 हजार रुपए आरसीएचओ ने बनाकर दिया 90 हजार रुपए का बिल**

मरुधर विशेष

**मोहम्मद शकील/विजय सिंह खैरथल ।** शहर के इस्माइलपुर रोड़ पर स्थित मोटल रॉयल इन होटल के मालिक को डॉक्टर हेमंत कुमार डागर, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी खैरथल- तिजारा द्वारा भुगतान नहीं करने और होटल मालिक को धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। जिसकी लिखित शिकायत होटल मालिक ने जिला कलक्टर खैरथल-तिजारा को दी है। दी गई लिखित शिकायत में मोटल रॉयल इन होटल संचालक ने जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी (आरसीएचओ) डॉ. हेमंत कुमार डागर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि दिनांक 11 और 12 फरवरी 2025 में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें होटल द्वारा प्रशिक्षण के लिए दो दिन हाल व 60 - 60 व्यक्तियों के लिए खाने की सुविधा प्रदान की गई। प्रशिक्षण का बिल डॉक्टर हेमंत कुमार डागर द्वारा अभी तक होटल को भुगतान नहीं किया गया जिसका मूल्य नब्बे हजार अट्ठाईस रुपए है और बिल जमा नहीं करने हेतु आरसीएचओ के द्वारा होटल मालिक को धमकाया जा रहा है। होटल मालिक का कहना है कि बार-बार भुगतान की मांग के बावजूद न तो भुगतान किया गया, न ही कोई स्पष्ट जवाब मिला। थक-हारकर होटल संचालक ने जिला कलक्टर को लिखित शिकायत सौंपी और न्याय की गुहार लगाई है।

इस संदर्भ में डॉ. अरविंद गेट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी खैरथल- तिजारा से दूरभाष पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण की स्वीकृत राशि 45 हजार रुपए थी और आरसीएचओ ने 90 हजार रुपए के बिल प्रस्तुत किए थे जो नियम विरुद्ध होने के कारण लेखा शाखा के द्वारा बिल को रिजेक्ट करते हुए बिल आरसीएचओ को वापिस भेज दिया।



**डॉ. अरविंद गेट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी खैरथल - तिजारा**

इनका कहना है -इस संदर्भ में डॉ. हेमंत कुमार डागर आरसीएचओ जिला खैरथल - तिजारा से दूरभाष पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि पेमेंट आता है सीएमएचओ के अकाउंट में, भुगतान सीएमएचओ ने नहीं किया, मेरा तो प्रशिक्षण का काम है मैं तो टीचर के तौर पर प्रशिक्षण देता हूं, मैं भुगतान कैसे कर सकता हूं और मैंने किसी को नहीं धमकाया है।



**डॉ. हेमंत कुमार डागर, आरसीएचओ जिला खैरथल - तिजारा**

### आमजन में चर्चा

इस मामले ने चिकित्सा विभाग की कार्यप्रणाली पर खड़े कर दिए कई सवाल, बल्कि यह भी स्पष्ट किया है कि भुगतान संबंधी पारदर्शिता और जवाबदेही की भारी कमी है। जब एक व्यवसायी को सेवाएं देने के बाद महीनों तक भुगतान न मिले और उसे सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ें, तो यह निश्चित ही प्रशासनिक अधिकारियों की असंवेदनशीलता को दर्शाता है।

### प्रशासन पर उठने लगे सवाल

जिला प्रशासन इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कर पायेगा कार्रवाई.. या फिर यह मामला भी ठंडे बस्ते में दबा दिया जाएगा। होटल मालिक को क्या मिल पायेगा उनका मेहनताना..?? या सरकारी दफ्तरों के लगाते रहेंगे चक्कर.

---

*लोन की किश्त वसूलने गये फाईनेंस कर्मचारी पर फायरिंग*

## युवक के कंधे में लगी गोली, गंभीरावस्था में राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में करवाया भर्ती

**क्षेत्र के ग्राम गोपालपुरा का मामला, ग्रामीणों में दहशत का माहौल**

### घायल युवक की चिकित्सकों ने निकाली गोली, हालत स्थिर

मरुधर विशेष

**कोटपूतली(सीताराम गुप्ता)** क्षेत्र के ग्राम गोपालपुरा में गुरूवार शाम लोन की किश्त वसूलने गये एक फाईनेंस कम्पनी के कर्मचारी पर अज्ञात हमलावरों ने फायरिंग कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ग्राम गोपालपुरा समेत आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर डीएसपी राजेन्द्र बुरडक, एसएचओ राजेश शर्मा मय जाप्ता के मौके पर पहुँच गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम टापरी निवासी राजेश (25) पुत्र महावीर प्रसाद गुर्जर बहरोड़ स्थित एक निजी फाईनेंस बैंक (आईएचएफएल) में लोन रिकवरी एजेंट के रूप में कार्यरत है। गुरूवार शाम करीब 05 बजे वह अपने एक साथी के साथ बाईक द्वारा ग्राम गोपालपुरा में बकाया लोन की राशि वसूलने गया था। बताया जा रहा है कि इसी दौरान उसकी लोन की किश्त ना देने पर बकाया कर्जदार से तनातनी हो गई। इसी दौरान कुछ अज्ञात युवकों ने उस पर अचानक फायरिंग कर दी। फायरिंग में एक गोली युवक राजेश के बांये कंधे में जा लगी। जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। गोली चलते ही गाँव में सनसनी फैल गई। कुछ ग्रामीणों ने स्थानीय लोगों की मदद से युवक को तुरन्त राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के ट्रौमा सैंटर में भर्ती करवाया। युवक की हालत गंभीर होने पर उसे तत्काल प्राथमिक उपचार देने के बाद हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. महेश शर्मा की टीम ने ऑपरेशन थियेटर में लेकर युवक का ऑपरेशन किया। इस दौरान डॉ. महेश शर्मा समेत डॉ. सुरेन्द्र शर्मा, डॉ. एस.पी. मौर्य व नर्सिंग अधिकारी श्रीराम सराधना की टीम ने दो घण्टे की कड़ी मशक्कत कर घायल युवक के कंधे से गोली को बाहर निकाल कर उसकी जान बचा ली। घायल युवक की हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है। वहीं दुसरी ओर मौके पर पहुँची पुलिस टीम ने घटना स्थल का मुआयना कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा मामले की बेहद सघनता व गंभीरता के साथ जाँच की जा रही है। शुरूआती जाँच में हमलावरों की पहचान नहीं हो सकी है। लेकिन फिलहाल कुछ सूत्रों ने घटना कारित करने वालों में आरोपित धन्ना वाल्मिकी आदि का नाम बताया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज जाँच करने के साथ-साथ ग्रामीणों से गहनता से पुछताछ कर रही है। घटना से ग्राम गोपालपुरा समेत आसपास के ईलाके में दहशत का माहौल भी बन गया है। युवक पर किस बंदूक से फायरिंग की गई। फिलहाल यह भी स्पष्ट नहीं हो सका है। बहरहाल घटना जो भी हो इस प्रकार मामूली बात पर फायरिंग हो जाना क्षेत्र की बिगड़ती कानून व्यवस्था की ओर ईशारा करता है।





# जिला कलक्टर ने ली समस्त एसडीएम, तहसीलदार, ईओ एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक

**आपसी समन्वय रखते हुए आमजन की समस्याओं के निस्तारण के लिए संवेदनशीलता से कार्य करें, फील्ड में एक्टिव रहकर आमजन की सुविधाओं पर फोकस रखें- जिला कलेक्टर**

## पेयजल, बिजली, संपर्क पोर्टल और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर दिए निर्देश

मरुधर विशेष

**कोटपूतली -बहरोड़(सीताराम** गुप्ता)। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त एसडीएम, तहसीलदार, ईओ एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक में सीएमओ प्रकरण, सांसद द्वारा भेजे गए परिवादों, जनसुनवाई तथा विभिन्न आयोगों से प्राप्त शिकायतों सहित अन्य बिंदुओं पर गहन समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए और संबंधितों को संतोषजनक जवाब दिया जाए, मुख्यमंत्री जनसुनवाई के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए तुरंत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संयुक्त बैठक बुलाने का उद्देश्य ही विभिन्न विभागों आपसी समन्वय बढ़ाना है जिससे विकास कार्यों व शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जा सके.

उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गाँव योजना पर चर्चा करते हुए कहा कि योजना का उद्देश्य गरीब परिवार को मुख्य धारा में लाकर उनके जीवन स्तर में सुधार करना है, अधिकारी सर्वे के माध्यम से सुनिश्चित करें कि प्रत्येक पात्र योजना से लाभान्वित हो. उन्होंने खाद्य सुरक्षा योजना (NFSA) के तहत चलाए जा रहे गिव अप अभियान की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि एनएफएसए पोर्टल पर प्रत्येक पात्र द्वारा पूर्ण व सही आवेदन सुनिश्चित करने हेतु विशेष कार्ययोजना बनाकर कार्य करें एवं अन्य संबंधित योजनाओं का लाभ भी पहुंचाएं. मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना तथा जल जीवन मिशन की प्रगति पर चर्चा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि इन योजनाओं का सीधा संबंध आमजन से है इसलिए इनका प्रभावी क्रियान्वयन सर्वोच्च प्राथमिकता पर किया जाए।

उन्होंने भीषण गर्मी के मद्देनजर पेयजल आपूर्ति, कंटिंजेंसी, इमरजेंट वर्क, ट्यूबवेल, हैंडपंप और टैंकरों की व्यवस्था को लेकर निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में किसी भी जगह पेयजल संकट नहीं हो इस बात का विशेष ध्यान रखें। प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें.

बैठक में बिजली आपूर्ति व्यवस्था हेतु मशीनरी को एक्टिव करने, सफाई व्यवस्था हेतु संबंधितों को पाबंद करने, नियमित सफाई की मॉनिटरिंग करने, सार्वजनिक शौचालय की नियमित सफाई, कचरा संग्रहण, जल निकासी, जीपीएस और सीसीटीवी से कचरा प्रबंधन की मॉनिटरिंग के संबंध में निर्देश दिए तथा आमजन को सफाई कार्य में भागीदारी निभाने हेतु जागरूक करने को कहा.

उन्होंने आगामी मानसून के मद्देनजर सभी नगर निकायों को निर्देश दिए गए कि वे मानसून पूर्व नालों की सफाई, जल भराव वाले क्षेत्रों की पहचान और आवश्यक मरम्मत कार्य समय रहते पूर्ण करें। उन्होंने साफ सफाई व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश भी दिए। बैठक में पेंशन लाभार्थियों के वार्षिक सत्यापन पर भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़ी समस्याओं पर विशेष फोकस रखे, भामाशाओ के सहयोग से गर्मी के मद्देनजर सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ व पक्षियों हेतु परिंडे लगवाने का कार्य करें. उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग प्रत्येक सीएचसी पर लेबर टेबल, लेबर किट, महिला स्टाफ सहित डिलीवरी हेतु आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करें. उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाचार पत्रों व न्यूज चैनल के माध्यम से प्राप्त खबरों का संज्ञान लेते हुए आमजन कि सुविधाओं से संबंधित आवश्यक सुधार के कार्य किए जाएं. उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विभाग विकास कार्य के लिए पाइप लाइन, पेयजल लाइन, विद्युत व सीसीटीवी लाइन डालते समय सड़क खोदने से पहले विभिन्न विभागों से समन्वय करे व एसडीएम लेवल अधिकारी से अनुमति लेकर ही कार्य करें, अनावश्यक ड्ढरूप से अन्य लाइन को क्षतिग्रस्त कर समस्या पैदा ना करें. साथ ही उन्होंने बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के भी निर्देश दिए और कहा कि आमजन को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, उनकी हर बात धैर्यपूर्वक सुनें। जिला कलक्टर ने अधिकारियों से कहा की वह अपने स्तर पर कार्यों की सतत मॉनिटरिंग कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, समस्त उपखंड अधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी, विकास अधिकारी, नगर परिषद आयुक्त एवं नगर पालिका ईओ सहित संबंधित अधिकारीउपस्थित रहे।

---

भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता

# विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन शनिवार को

**विधायक हंसराज पटेल हरी झण्डी दिखाकर करेगें रवाना**



मरुधर विशेष

**कोटपूतली(सीताराम गुप्ता)** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में विधायक हंसराज पटेल द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन आगामी 24 मई शनिवार को किया जायेगा। इस मौके पर शनिवार सायं 04.00 बजे तिरंगा यात्रा कस्बे के बानसूर रोड़ स्थित अनाज मण्डी परिसर से प्रारम्भ होकर राठौड़ पार्क, कृष्णा टॉकीज, मुख्य चौराहा होते हुये नगर परिषद पार्क में पहुँचकर समाप्त होगी। यात्रा को विधायक हंसराज पटेल हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेगें। तिरंगा यात्रा में वर्तमान व पूर्व जिला परिषद सदस्य, प्रधान, उप प्रधान, पंचायत समिति सदस्य, नगर परिषद के वार्ड पार्षद, सरपंचगण, भाजपा के सभी मोर्चा व मंडलों के अध्यक्ष, पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ताओं समेत सैनिक व पूर्व सैनिक एवं आमजन मौजूद रहेगें।

---

*जिला कलक्टर ने की कृषि व उद्यान विभाग की योजनाओं की समीक्षा*

# सम्पर्क पोर्टल के प्रकरण निस्तारण में लापरवाही पर कृषि सहायक निदेशक को नोटिस

मरुधर विशेष

**हनुमानगढ़, (प्रभु राम)** जिला कलक्टर श्री काना राम की अध्यक्षता में गुरुवार को कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की प्रगति समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। सहायक निदेशक डॉ. संजीव कुमार को प्रकरणों का समय पर निस्तारण नहीं करने पर नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए। जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से पोर्टल की मॉनिटरिंग करें और प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने डीएपी और यूरिया की मांग को गत वर्ष की तुलना में बढ़ाकर भिजवाने के निर्देश दिए। बीटी कपास बर्निंग से फसल को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए एडवाइजरी जारी कर प्रचार-प्रसार करवाने के निर्देश भी दिए गए। पिछले दिनों रावतसर में पकड़े गई नकली डीएपी के प्रकरण में डीआईजी स्टाम्प की अध्यक्षता में कमेटी बनाकर दुबारा जांच करने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने कहा कि फोरामेन टेप योजना के लक्ष्यों में 10 से 15 प्रतिशत बढ़ोतरी की जाए तथा 1 से 15 जून के बीच योजना को धरातल पर उतारा जाए। सभी कंपनियों से क्षेत्रवार लक्ष्य तय कर कृषि पर्यवेक्षकों द्वारा किसानों को प्रेरित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।



### डिग्गी और फार्म पॉण्ड कार्यों की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

डिग्गी व फार्म पॉण्ड कार्यों में 100 प्रतिशत प्रगति नहीं होने पर जिला कलक्टर ने नाराजगी जताते हुए संयुक्त निदेशक को जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। कार्य अधूरे रहने के कारणों की रिपोर्ट मांगी गई। राजीविका समूहों व बीपीएल परिवारों को मिनीकिट वितरण में वरीयता देने तथा ढेंचा बीज उत्पादन हेतु किसानों को प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। एक वर्ष में सभी दुकानों से बीज, उर्वरक व कीटनाशी के सैम्पल लिए जाने के आदेश दिए गए। पूर्व में लिए गए अमानक सैम्पलों पर की गई कार्यवाही की रिपोर्ट भी मांगी गई। जिला कलक्टर ने कहा कि फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं की हर 15 दिन में समीक्षा की जाएगी ताकि योजनाओं का लाभ समय पर किसानों तक पहुंचे। उप निदेशक उद्यान विभाग को पीएम कुसुम योजना के लिए का अधिक से अधिक प्रचार करने तथा प्रत्येक कृषि पर्यवेक्षक को 5 सोलर कनेशन का लक्ष्य सौंपने के निर्देश दिए। हरियालो राजस्थान योजना के तहत साइट चिह्निकरण के निर्देश दिए गए।

---

# ग्रीष्मकालीन सघन निरीक्षण अभियानः हीटवेव को लेकर आरएमएससीएल ने जांची डीडीडब्ल्यू, एमजीएम जिला अस्पताल एवं सीएचसी पक्कासारना की व्यवस्थाएं

मरुधर विशेष

**हनुमानगढ़,** राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन निगम लिमिटेड (आरएमएससीएल) जयपुर ने भीषण गर्मी एवं हीटवेव के मध्यनजर जिले के चिकित्सा संस्थानों की तैयारियों की समीक्षा के लिए सघन निरीक्षण अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत आरएमएससीएल के सहायक लेखाधिकारी सूरजमल शर्मा एवं फार्मासिस्ट रवि बागोतिया ने गुरुवार को जिला औषधि भंडार (डीडीडब्ल्यू), एमजीएम जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) पक्कासारना का निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि ग्रीष्मकाल में हीटवेव के मद्देनजर आरएमएससीएल द्वारा चिकित्सा संस्थानों में मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के अंतर्गत दवा उपलब्धता, उपकरणों की कार्यशीलता एवं ऑक्सीजन की उपलब्धता जानने के लिए 'ग्रीष्मकालीन सघन निरीक्षण अभियान' आयोजित किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत आरएमएससीएल के सहायक लेखाधिकारी सूरजमल शर्मा एवं फार्मासिस्ट रवि बागोतिया ने गुरुवार को जिला औषधि भंडार, एमजीएम जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) पक्कासारना में हीटवेव संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सा संस्थान के प्रभारी अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों से दवाओं की उपलब्धताओं के बारे में जानकारी ली। उनके साथ डीडीडब्ल्यू के डीपीसी डॉ. प्रीतमोहिन्दर सिंह एवं जोन बायोमेडिकल इंजीनियर निषांत यादव मौजूद रहे। डॉ. प्रीतमोहिन्दर सिंह ने बताया कि निरीक्षण दल ने चिकित्सालयों के सबस्टोर, दवा वितरण केन्द्र, वार्ड, ऑक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता, लू तापाघत प्रबंधन में दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई का अवलोकन किया गया। इसके अलावा उन्होंने चिकित्सा संस्थान का निरीक्षण कर उपकरणों एवं ऑक्सीजन व्यवस्था की भी जांच की।



---

# मुंडनवाडा कलां गांव के मिनी PNB बैंक बीसी मे दिनदहाड़े हथियार की नोक पर लूट

मरुधर विशेष

**मुंडावर (रमेशचंद्र)** मुण्डावर थाना क्षेत्र के मुण्डनवाडा कलां गांव में आज गुरुवार दोपहर करीब 12:30 बजे दिनदहाड़े नकाबपोश बदमाशों ने पंजाब नेशनल बैंक के बीसी सेंटर (मिनी बैंक) में हथियार की नोक पर रुपए लुट की वारदात को अंजाम देखकर फरार हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पंजाब नेशनल बैंक की मिनी बैंक की शाखा के रूप में कार्यरत बीसी सेंटर पर तीन नकाबपोश बदमाश बैंक के अंदर प्रवेश करते ही संचालक के साथ मारपीट कर हथियार के नोक पर रुपए लूट कर फरार हो गए। वारदात की घटना लगे सीसीटीवी के कमरे में कैद हो गई। नकाबपोश बदमाश तीन लोग बैंक के अंदर प्रवेश करने के दौरान ग्राहकों को धमकाने के बाद संचालक से रैक में रखें रुपए लेकर फरार हो गए। बीसी संचालक विकास यादव से मामले की जानकारी जुटानी चाही तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा है। मामले को लेकर मुंडावर थाना प्रभारी महावीर शेखावत का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है लेकिन अभी मिनी बैंक संचालक के द्वारा मामला दर्ज नहीं कराया गया है हालांकि मामले में आसपास के सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य साक्ष्य के आधार पर जानकारी जुटा रहे हैं। जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बदमाशों के द्वारा कितने रुपए लूट कर ले गए हैं यह अभी जानकारी जुटा रहे हैं

---

# श्री त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज वागड़ चौखला के तत्वावधान में अरथुना बालाजी हनुमान जी मंदिर परिसर में सामूहिक उपनयन संस्कार संपन्न हुआ





मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** वागड़ चोखला के द्वारा आयोजित सामूहिक उपनयन संस्कार कार्यक्रम में 16 बटूको का उपनयन संस्कार संपन्न हुआ गोपाल शुक्ला आजना मुंबई वाले के आचार्य में संपूर्ण आचार्य मंडली ने मंत्रोचार के साथ उपनयन संस्कार किया। इस अवसर पर वागड़ चोखला के 17 गांव के सभी मेहमान के साथ-साथ आठों चोखलों के अतिथि गण भी कार्यक्रम में उपस्थित हुए।संभागीय अध्यक्ष तुलसीराम जोशी के मुख्य अतिथि प्रियाकांत पंड्या धंबोला के विशिष्ट आतिथ्य में सभी आठ चोखलों से पधारे पंचों का सम्मान किया गया। अतिथियों में गोमती शंकर पंड्या महेश जोशी नवागाँव किशोर ठीकरिया विनोद ठीकरिया धंबोला एवं जवास अध्यक्ष किशोर पंड्या चौरासी अध्यक्ष सहित गणमान्य अतिथि गण उपस्थित रहे।वागड़ चोखला अध्यक्ष भूपेंद्र पंड्या ने बताया कि सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार प्रतिवर्ष वागड़ चौखले की ओर से आयोजित होता है। साथ में बुजुर्गों की निशुल्क यात्रा एवं सक्षम समाज जन की सशुल्क यात्रा भी प्रतिवर्ष निकल जाती है।समाज का निर्माणाधीन भवन गढ़ी में कार्य प्रगति पर है जिसे जल्द ही पूर्णता की और ले जाएगे ऐसा समाजजन की ओर से विश्वास दिलाया। इस अवसर पर वागड़ चोखला कार्यकारिणी के कार्यकारी अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद जोशी अनिल पंड्या आँजना सचिव अशोक पंड्या मोटी बस्सी महामंत्री दिनेश जोशी मोटी बस्सी कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष दीपक त्रिवेदी कोषाध्यक्ष रविंद्र उपाध्याय विद्या शंकर शुक्ला महेश भट्ट वासुदेव जोशी विनोद जोशी सुशील जोशी युवा अध्यक्ष कल्पेश उपाध्याय हेमेंद्र उपाध्याय मेहुल पंड्या राजेंद्र उपाध्याय कुशलकोट कमला शंकर त्रिवेदी आंजना वासुदेव जोशी प्रवीण भाई जोशी समाज के सभी युवाओं ने कार्यक्रम में अतुल्य सहयोग प्रदान किया।उपनयन संस्कार के संयोजक दिनेश जोशी मोटी बस्सी के कार्यों की सराहना की गई एवं उनका सम्मान किया गया। आचार्य मंडल आचार्य मंडल में विद्याशंकर शुक्ला नटवरलाल शुक्ला चंद्रशेखर शुक्ला जैनेंद्र शुक्ला अविनाश शुक्ला आचार्य पंकज ज शुक्ला गणेश लाल उपाध्याय सहित भू देव ने कार्यक्रम संपन्न करवाया। ये जानकारी अनिल पंड्या ने दी।

---

# भागाकोट में नचिकेता आध्यात्मिक केंद्र की बहनों ने और बच्चों ने आप्रेशन सिंदूर की सफलता पर इंडियन आर्मी को अलग तरिके से धन्यवाद दिया



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** बांसवाड़ाः भागाकोट में नचिकेता आध्यात्मिक केंद्र की बहनों ने और बच्चों ने आप्रेशन सिंदूर की सफलता पर इंडियन आर्मी को अलग तरिके से धन्यवाद दिया और दो महिलाओं ने कर्नल सोफिया कुरैशी और उदनके सहयोगियों ने ओपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया इस अवसर पर सबके हाथों में सिंदूर लेकर इंडियन आर्मी जिंदाबाद के नारे लगाए इस अवसर पर संजना दुर्गा कुसुम जोशी जागृति कलाल सुमित्रा वैष्णव अमीषा वैष्णव आदि ने भाग लिया ये जानकारी शीतल भंडारी ने दी

---

# मेवाड़ पालीवाल मेनारिया नागदा एवं समस्त ब्राह्मण सामुहिक विवाह समिति उदयपुर के झाडोल (फ.) मे 26 वा परिचय सम्मेलन

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** बांसवाड़ा 22 मई, मेवाड़ पालीवाल मेनारिया नागदा एवं समस्त ब्राह्मण सामुहिक विवाह समिति उदयपुर के संत एच आर पालीवाल के सानिध्य मे विवाह योग्य युवक-युवतियों का 26 वा परिचय सम्मेलन इस बार होटल मेवाड़ हेरिटेज जांगलवा पेट्रोल पंप के पास ,झाड़ोल (फ.) मे 15 जून रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जायेगा। जिसके बायोडेटा 9660983434 पर आमंत्रित हे। समिति के बांसवाड़ा प्रभारी नवनीत त्रिवेदी के अनुसार गत 18 मई को झाड़ोल (फ.) मे स्थित रॉयल विला होटल में 12 बजे से 1 बजे तक बैठक रखी गई। जिसमें कई बिंदुओं पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिये गये, जिसके अनुसार झाड़ोल (फ.) तहसील के सभी गाँव में प्रचार प्रसार कर बायोडेटा संग्रह करने के साथ परिचय सम्मेलन के आयोजन में प्रातः 10 बजे का चाय नास्ता रखते हुवे, दोपहर 1 बजे का भोजन कराने की जिम्मेदारी प्रेम लता पालीवाल को सोंपी गई एवं संत पालीवाल द्वारा फ्लेक्स/बेनर व निमंत्रण कार्ड छपवाने का आग्रह स्वीकार किया गया।इस अवसर पर संत पालीवाल ने 15 जून को 26 वा परिचय सम्मेलन समाज सेवी नितेश सोनी के सहयोग से झाड़ोल (फ.) मे स्थित जांगलवा पेट्रोल पंप के पास, होटल मेवाड़ हेरिटेज मे प्रातः से दोपहर तक रखने एवं गाँव गाँव मे बेनर/पोस्टर लगवाने की घोषणा की।परिचय सम्मेलन की इस तैयारी व्यवस्था को देखते हुवे योगेश चन्द्र पंड्या, विष्णु शंकर पालीवाल,ओम प्रकाश नन्दवाना, महर्षि सारस्वत एवं पूर्णिमा व्यास ने खुशी जाहिर आदि ने सहयोग देने का आहवान किया।

---

# सीएचसी पीलीबंगा में लू-तापघात से संबंधित व्यवस्थाएं जांची : डॉ. नवनीत शर्मा



मरुधर विशेष

**हनुमानगढ़, (प्रभु राम)** सरकारी चिकित्सा संस्थानों में गर्मी, लू एवं तापघात से व्यवस्थाओं के निरीक्षण अभियान के तहत गुरुवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने सीएचसी पीलीबंगा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सीएचसी पीलीबंगा में मरीजों के लिए की गई समस्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उसे बेहतरीन बताया। उन्होंने सीएचसी में वार्ड व बैड्स की व्यवस्था, कूलर, पंखे, एसी, विभिन्न स्थानों पर मरीजों व आमजन के लिए की गई पानी की व्यवस्था एवं सीएचसी में उपलब्ध दवाइयों की उपलब्धता से संबंधित जानकारी ली।

सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया बढ़ती गर्मी को देखते हुए जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों की व्यवस्थाओं की जांच की जा रही है ताकि गर्मी बढने के बाद आमजन को किसी भी प्रकार की अव्यवस्थाओं का सामना ना करना पड़े। इसी के चलते आज उन्होंने सीएचसी पीलीबंगा में गर्मी के मौसम में मरीजों एवं आमजन के लिए की रही व्यवस्थाओं की जांच की गई। उनके साथ सीएचसी इंचार्ज डॉ. सुनील अग्रवाल ने संयुक्त रूप से सीएचसी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण अभियान के तहत वार्डों का निरीक्षण किया गया, जहां पर कमरों की साफ-सफाई एवं एसी एवं हवादार कमरों की पूर्ण व्यवस्था रही। सीएचसी परिसर में ठण्डे पानी की उचित व्यवस्था पाई गई। डॉ. शर्मा ने कहा कि सभी इलैक्ट्रोनिक उपकरण सही रहने चाहिए। उन्होंने कार्मिकों को वार्ड की नियमित साफ-सफाई रखने के लिए पाबंद किया गया। सीएचसी में सभी पंखों एवं एसी की नियमित जांच, कूलरों में दिन में दो या तीन बार पानी बदलने के निर्देश दिए। वहां उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को हीट वेव से संबंधित दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान दवाइयों की जानकारी, ओपीडी विंग, आईपीडी विंग, डीडीसी, दैनिक रिपोर्टिंग, मटकों-कैम्पर एवं वाटर कूलर की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली गई। डॉ. नवनीत शर्मा ने वार्ड में उपचाराधीन मरीजों से बात की और मिल रहे उपचार के लिए बारे में जानकारी ली।


---

# ग्रीष्मकालीन सघन निरीक्षण अभियानः हीटवेव को लेकर आरएमएससीएल ने जांची डीडीडब्ल्यू, एमजीएम जिला अस्पताल एवं सीएचसी पक्कासारना की व्यवस्थाएं

मरुधर विशेष

**हनुमानगढ़ (प्रभु राम)** राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन निगम लिमिटेड (आरएमएससीएल) जयपुर ने भीषण गर्मी एवं हीटवेव के मध्यनजर जिले के चिकित्सा संस्थानों की तैयारियों की समीक्षा के लिए सघन निरीक्षण अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत आरएमएससीएल के सहायक लेखाधिकारी सूरजमल शर्मा एवं फार्मासिस्ट रवि बागोतिया ने गुरुवार को जिला औषधि भंडार (डीडीडब्ल्यू), एमजीएम जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) पक्कासारना का निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि ग्रीष्मकाल में हीटवेव के मद्देनजर आरएमएससीएल द्वारा चिकित्सा संस्थानों में मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के अंतर्गत दवा उपलब्धता, उपकरणों की कार्यशीलता एवं ऑक्सीजन की उपलब्धता जानने के लिए 'ग्रीष्मकालीन सघन निरीक्षण अभियान' आयोजित किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत आरएमएससीएल के सहायक लेखाधिकारी सूरजमल शर्मा एवं फार्मासिस्ट रवि बागोतिया ने गुरुवार को जिला औषधि भंडार, एमजीएम जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) पक्कासारना में हीटवेव संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सा संस्थान के प्रभारी अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों से दवाओं की उपलब्धताओं के बारे में जानकारी ली। उनके साथ डीडीडब्ल्यू के डीपीसी डॉ. प्रीतमोहिन्दर सिंह एवं जोन बायोमेडिकल इंजीनियर निषांत यादव मौजूद रहे। डॉ. प्रीतमोहिन्दर सिंह ने बताया कि निरीक्षण दल ने चिकित्सालयों के सबस्टोर, दवा वितरण केन्द्र, वार्ड, ऑक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता, लू तापाघत प्रबंधन में दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई का अवलोकन किया गया। इसके अलावा उन्होंने चिकित्सा संस्थान का निरीक्षण कर उपकरणों एवं ऑक्सीजन व्यवस्था की भी जांच की।





# जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने टीकाकरण सत्रों का किया सघन निरीक्षण

## 389 गर्भवती महिलाओं एवं 1315 बच्चों का हुआ टीकाकरण

मरुधर विशेष

**हनुमानगढ़, (प्रभु राम)** मातृ, शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (एमसीएचएन-डे) पर 22 मई गुरुवार को जिले में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। इसके तहत गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, आवश्यक टीके, नि:शुल्क दवाइयां तथा उन्हें उचित खान-पान एवं पोषण संबंधी जानकारी भी दी गई। नवजात शिशुओं को भी टीके लगाए गए एवं आवश्यक ड्रॉप्स पिलाई गई। विभाग के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने एमसीएचएन-डे एवं कोल्ड चैन प्वाईंट का सघन निरीक्षण किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि जिले में प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, आंगनबाड़ी केन्द्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में गुरुवार को एमसीएचएन डे पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन कर गर्भवती महिलाओं और बच्चों को टीके लगाए गए। डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि जिले में आज 389 टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें 389 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया। इसके अलावा 1315 बच्चों का भी टीकाकरण किया गया। टीकाकरण सत्र पर जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ बीसीएमओ एवं मेडिकल ऑफिसर्स द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीएचसी पीलीबंगा में टीकाकरण एवं कोल्ड चैन प्वाईंट की जांच की। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं और परिजनों को मौसमी बीमारियों से बचाव व रोकथाम के विषय में बताया गया और सम्पूर्ण पोषण की जानकारी दी गई। टीकाकरण सत्रों के दौरान आशा सहयोगिनी और नर्सिंग स्टाफ ने उल्लेखनीय योगदान दिया। अन्य अधिकारियों ने कोल्ड चैन प्वाईंट का निरीक्षण किया गया एवं दवाओं के उचित रख-रखाव के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आरसीएचओ डॉ. सुनील विद्यार्थी ने पल्लू सीएचसी एवं नौरंगदेसर पीएचसी टीकाकरण सत्रों की जांच की। डीपीसी संदीप कुमार ने पल्लू, लक्खूवाली एवं ब्रह्मसर, हनुमानगढ़ बीसीएमओ डॉ. कुलदीप बराड़ ने अमरपुरा थेहड़ी, ढालिया एवं गाहडू का निरीक्षण किया। पीलीबंगा बीसीएमओ डॉ. मनोज अरोड़ा ने डबलीराठान, नोहर बीसीएमओ डॉ. अशोक सहारण ने यूपीएचसी नोहर, संगरिया बीसीएमओ डॉ. रवि खीचड़ ने संगरिया एवं दीनगढ़ में आयोजित टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान मेडिकल ऑफिसर्स ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में टीकाकरण सत्रों की जांच






# स्वास्थ्य केन्द्रों पर हुआ नियमित टीकाकरण का आयोजन

## बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर ने किया निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश

### कहा - समय पर हो टीकाकरण, आमजन को करें जागरूक

मरुधर विशेष

**कोटपूतली(सीताराम गुप्ता)** खण्ड कोटपूतली के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों पर गुरूवार को नियमित टीकाकरण का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों व गर्भवती महिलाओं का नियमानुसार टीकाकरण किया गया। इस मौके पर बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर ने स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि टीकाकरण कार्य बेहद जिम्मेदारी के साथ सम्पादित किया जायें। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरती जायें। उन्होंने नियमानुसार टीकाकरण करने, सभी टीके समय पर लगाने, टीकों की ऑनलाईन यूविन एप व पीसीटीएस में एन्ट्री करने, साथ ही आरसीएच रजिस्टर में टीकों को इन्द्राज करने, एईएफआई किट, बायोवेस्ट मैनेजमेंट समेत अन्य सभी प्रकार की सावधानी बरतने के निर्देश दिये।




टीकाकरण के प्रति आमजन को किया जागरूक :- बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने आमजन को टीकाकरण के प्रति जागरूक करते हुये कहा कि नियमित टीकाकरण से बच्चों में विभिन्न रोगों की रोकथाम की जा सकती है। सभी टीके समय पर लगवाने चाहिये। पोलियो राउण्ड के समय दी गई पोलियो की खुराक बच्चे को केवल पोलियो से सुरक्षित करती है, जबकि नियमित टीकाकरण के दौरान दिए गए अन्य टीके उसे टी.बी., डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटेनस, हेपेटाइटिस-बी, हिब, खसरा एवं पोलियो आदि रोगों से सुरक्षा प्रदान करते हैं।

# जिला कलक्टर ने की कृषि व उद्यान विभाग की योजनाओं की समीक्षा सम्पर्क पोर्टल के प्रकरण निस्तारण में लापरवाही पर कृषि सहायक निदेशक को नोटिस

मरुधर विशेष

**हनुमानगढ़ , (प्रभु राम)** जिला कलक्टर श्री काना राम की अध्यक्षता में गुरुवार को कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की प्रगति समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। सहायक निदेशक डॉ. संजीव कुमार को प्रकरणों का समय पर निस्तारण नहीं करने पर नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए। जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से पोर्टल की मॉनिटरिंग करें और प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।




जिला कलक्टर ने डीएपी और यूरिया की मांग को गत वर्ष की तुलना में बढ़ाकर भिजवाने के निर्देश दिए। बीटी कपास बर्निंग से फसल को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए एडवाइजरी जारी कर प्रचार-प्रसार करवाने के निर्देश भी दिए गए। पिछले दिनों रावतसर में पकड़े गई नकली डीएपी के प्रकरण में डीआईजी स्टाम्प की अध्यक्षता में कमेटी बनाकर दुबारा जांच करने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने कहा कि फोरामेन टेप योजना के लक्ष्यों में 10 से 15 प्रतिशत बढ़ोतरी की जाए तथा 1 से 15 जून के बीच योजना को धरातल पर उतारा जाए। सभी कंपनियों से क्षेत्रवार लक्ष्य तय कर कृषि पर्यवेक्षकों द्वारा किसानों को प्रेरित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।

### डिग्गी और फार्म पॉण्ड कार्यों की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

डिग्गी व फार्म पॉण्ड कार्यों में 100 प्रतिशत प्रगति नहीं होने पर जिला कलक्टर ने नाराजगी जताते हुए संयुक्त निदेशक को जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। कार्य अधूरे रहने के कारणों की रिपोर्ट मांगी गई। राजीविका समूहों व बीपीएल परिवारों को मिनीकिट वितरण में वरीयता देने तथा ढेंचा बीज उत्पादन हेतु किसानों को प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। एक वर्ष में सभी दुकानों से बीज, उर्वरक व कीटनाशी के सैम्पल लिए जाने के आदेश दिए गए। पूर्व में लिए गए अमानक सैम्पलों पर की गई कार्यवाही की रिपोर्ट भी मांगी गई। जिला कलक्टर ने कहा कि फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं की हर 15 दिन में समीक्षा की जाएगी ताकि योजनाओं का लाभ समय पर किसानों तक पहुंचे। उप निदेशक उद्यान विभाग को पीएम कुसुम योजना के लिए का अधिक से अधिक प्रचार करने तथा प्रत्येक कृषि पर्यवेक्षक को 5 सोलर कनेशन का लक्ष्य सौंपने के निर्देश दिए। हरियालो राजस्थान योजना के तहत साइट चिह्निकरण के निर्देश दिए गए।

# नीमराना में तेज अंधकार से पंजाब नेशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केंद्र के ग्रीन हाउस को हुआ भारी नुकसान



मरुधर विशेष

**नीमराना(सुनील मेघवाल)** बीती बुधवार रात 21 मई को क्षेत्र में तेज अंधकार ने भारी तबाही मचाई। अंधकार के कारण पंजाब नेशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केंद्र नीमराना में फार्म पर स्थापित ग्रीन हाउस को गंभीर क्षति पहुंची है। हवा की रफ्तार इतनी तेज थी कि ग्रीन हाउस की प्लास्टिक शीटिंग उड़ गई और संरचना भी कई स्थानों से टूट-फूट गई। संस्थान के निदेशक रणजीत यादव ने बताया कि ग्रीन हाउस में उगाई जा रही फसलें और उपकरण भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। नुकसान का आकलन किया जा रहा है और बीमा कंपनी को सूचना देकर मुआवजे की प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि यह ग्रीन हाउस आधुनिक तकनीक से तैयार किया गया था और किसानों को प्रशिक्षण हेतु उपयोग में लाया जाता था। निदेशक ने यह भी बताया कि सौभाग्यवश इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन संस्थान को आर्थिक क्षति जरूर हुई है।

## अवैध मादक पदार्थो के निस्तारण को लेकर जिला पुलिस का विशेष अभियान

# जिले के 06 पुलिस थानों ने 29 प्रकरणों में डोडा चूरा 751.826 किलोग्राम, गांजा 71.539 किलोग्राम, 1180 नग एल्प्राजोलाम टेबलेट जप्त







मरुधर विशेष

**कोटपूतली(सीताराम गुप्ता)** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थो के निस्तारण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जिले के 06 पुलिस थानों क्रमशः कोटपूतली, प्रागपुरा, बहरोड़, बानसूर, शाहंजहांपुर, नीमराणा द्वारा 29 प्रकरणों में डोडा चूरा 751.826 किलोग्राम, गांजा 71.539 किलोग्राम, 1180 नग एल्प्राजोलाम टेबलेट जप्त की गई। जप्तशुदा अवैध डोडा चूरा, गांजा व एल्प्राजोलाम टेबलेट को न्यायालय से भौतिक सत्यापन के बाद एसपी राजन दुष्यंत के निर्देशन में थाना सरूण्ड के अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट की कीलन में जलाकर नष्ट किया गया। जिले के 06 पुलिस थानों के मालखाना एनडीपीएस एक्ट में जप्तशुदा मादक पदार्थों की वजह से लबालब भरे पड़े थे, जिससे अन्य जप्तशुदा मालों के रखने की समस्या आ रही थी। इसके निस्तारण की कार्यवाही के क्रम में पुलिस अधीक्षक कार्यालय की एक्युटल शाखा मय कार्यालय स्टॉफ द्वारा संबंधित थानाधिकारियों से माल के निस्तारण के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त कर रिकॉर्ड तैयार किया गया। उक्त कार्यवाही जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यत, एएसपी वैभव शर्मा, डीएसपी कोटपूतली राजेन्द्र बुरडक, अपराध सहायक रणजीत सिंह सहित संबंधित 06 थानों के थानाधिकारी एवं मालखाना प्रभारी व एक्युटल शाखा, कार्यालय शाखा के कर्मचारियों की उपस्थिति में की गई।

# आज तसई फीडर की सप्लाई 3 घंटे रहेगी बंद

मरुधर विशेष

**कठूमर (दिनेश लेखी)।** जीएसएस तसई एवं टिटपुरी से निकलने वाले सभी फीडर तीन घंटे पूर्णत बंद रहेंगे। सहायक अभियंता कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि कांकरोली जीएसएस के आवश्यक रखरखाव कार्य हेतु 33 केवी तसई लाइन 23 मई को प्रातः 08:00 बजे से 11:00 बजे तक बंद रहेगी।

# कस्बे की जीआईएस स्कूल ने 12वीं के परीक्षा परिणाम में बनाया क्षेत्र में टॉप स्थान




मरुधर विशेष

**कठूमर (दिनेश लेखी)।** कस्बे की जीआईएस विद्यालय में गुरुवार को हुए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा घोषित 12वीं कला एवं विज्ञान वर्ग के परिणाम में कठूमर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विधालय के डायरेक्टर मनोज चौधरी ने बताया कि विज्ञान वर्ग में मनीषा पुत्री अजयपाल 98.20%, कंगना यादव पुत्री अनिल कुमार 96.80%, अमित चौधरी पुत्र योगेंद्र कुमार 96.80%, मनीषा मीणा पुत्री पप्पूराम 96%, सिद्धि शर्मा पुत्री सुरेंद्र 96%, रिद्धी शर्मा पुत्री सुरेंद्र 95.80%, सैनफ पुत्र शकील खान 94.80%, अजीत पुत्र बच्चू सिंह 94.40%, मोहित कुमावत पुत्र रामसिंह 94.40%, भूमिका किराड़ पुत्री गिर्राज प्रसाद 94.40%, पिंकू सैनी पुत्र रघुनाथ 94.20%, प्रिया कुमारी पुत्री पुष्पेंद्र जाट 94%, रूबी पुत्री जोगेंद्र 93.40%, मनीषा पुत्री भूरीलाल 93.20%, गुलशन पुत्र नंदकिशोर 93%, कोमल पुत्र सतीश 92.80%, अभिनंदन पुत्र कुंवर सिंह 92.60%, अमन कुमार पुत्र रामभरोसी 92.60%, अंजली पुत्री विजय सिंह 92.40%, कोमल पुत्री थानसिंह 92.20%, उमेश पुत्र कैलाश चंद 91.60%, करिश्मा बानो पुत्री जाकिर खान 91.60%, कनक शर्मा पुत्री टीकम शर्मा 91.60%, प्रियंका कुमारी पुत्री पप्पी 91.20%, राधिका चौधरी पुत्री धर्मेंद्र 91%, नीतू कुमारी पुत्री नवीन चौधरी 91%, नीशू चौधरी पुत्री नवाब सिंह 91%, मनीषा कुमारी पुत्री प्रमोद कुमार 91%, अभिलाषा जैन पुत्री देवेंद्र जैन 90.40%, गौतम सिंह पुत्र देशराज 90.40%, फैजल पुत्र शरीफ खान 90%, हर्ष लवानिया पुत्र दीपक लवानिया 90% आदि ने सफलता हासिल कर विद्यालय समस्त स्टाफ एवं परिवार जनों का मनोबल बढ़ाया है।

# मरुधर विशेष न्यूज़ पेपर के राजस्थान प्रधान संपादक विशाल यादव सीएम भजन लाल शर्मा से मिले

## मुख्यमंत्री ने न्यूज़ पेपर एवं खबरों की शैली की प्रशंसा की



मरुधर विशेष

**अलवर** राजस्थान प्रधान संपादक विशाल यादव मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अलवर दौरे पर मरुधर विशेष न्यूज़पेपर उपलब्ध करवाया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से प्रधान संपादक विशाल यादव ने अखबार के कार्य प्रणाली खबरों की प्रक्रिया एवं कर्मठ पत्रकार साथियों की टीम को लेकर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा मरुधर विशेष समाचार पत्र की खबरों को लेकर प्रशंसा की गई। मुख्यमंत्री के द्वारा समाचार पत्र की सटीक जानकारी खबर उपलब्ध करवाने को लेकर प्रशंसा की। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को भी मरुधर विशेष न्यूज़पेपर की कॉपी उपलब्ध कराई गई मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री के द्वारा मरुधर विशेष न्यूज़ पेपर की कार्य शैली खबरों को लेकर प्रशंसा की। इस अवसर पर राजस्थान प्रधान संपादक विशाल यादव के साथ भाजपा नेत्री अंजली यादव, डॉक्टर शानू राजकुमार यादव, नीलम यादव सहित कई नेतागण मौके पर मौजूद रहे।

# इन्द्रा हैप्पी स्कूल के विद्यार्थियों ने 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में दिया शत - प्रतिशत रिजल्ट

मरुधर विशेष

**मोहम्मद शकील/विजय सिंह खैरथल ।** स्थानीय इन्द्रा हैप्पी सीनियर सेकेंडरी विद्यालय खैरथल ने एक बार फिर अपनी सफलता की परम्परा को निभाते हुए गुरुवार को घोषित 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में शत - प्रतिशत रिजल्ट देकर शानदार सफलता हासिल की हैं। विद्यालय निदेशक एवं खैरथल प्रेस क्लब अध्यक्ष व अंतरराष्ट्रीय पत्रकार संघ दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष और आईएफडब्ल्यूजे संगठन के खैरथल- तिजारा जिला अध्यक्ष पंकज खुराना ने बताया कि उनके पिता स्वर्गीय डॉ. एमपी खुराना जी द्वारा वर्ष 1976 में अलवर जिले के खैरथल में पहला इन्द्रा हैप्पी निजी शिक्षण संस्थान की स्थापना की गई थी जो लगातार शिक्षा के क्षेत्र में सफलता की ओर बढ़ता जा रहा है। गत वर्ष कक्षा बारहवीं कला वर्ग में शानदार सफलता हासिल करने के बाद अब गुरूवार को घोषित 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में भी इन्द्रा हैप्पी सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के विद्यार्थियों ने शत - प्रतिशत रिजल्ट दिया है। उन्होंने बताया कि इन्द्रा हैप्पी स्कूल में कला संकाय में खुशबू गुप्ता, रिद्धिमा शर्मा, निशा,हर्षिता बाबानी और प्राची ने स्कूल टॉप किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद शाम को स्कूल प्रांगण में सभी टॉपर्स का माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। सम्मान स्वागत कार्यक्रम में खुशबू गुप्ता ,रिद्धिमा शर्मा, निशा, हर्षिता बाबानी, पलक, कनक सैनी, नेहा, दीप कौर, दिशित आदि ने कार्यक्रम में भाग लिया। विद्यालय की फाउंडर श्रीमती इन्द्रा पाल, प्राचार्या श्रीमती डॉ. ज्योति खुराना ने सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई दी । विद्यालय निदेशक पंकज खुराना ने सभी टॉपर्स छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मोना कनानी, कविता चौहान,प्रियंका चौहान, एकता मंगलानी, नीतू शर्मा, आदि अध्यापिकाओ सहित वंश खुराना एवं अभिभावक गण मौजूद रहे। शाला परिवार ने शत प्रतिशत रिजल्ट आने पर सभी बच्चों व अभिभावकों को बधाई दी सफलता हासिल करने वाले होनहार विद्यार्थियों ने इसका श्रेय प्राचार्या डॉ श्रीमती ज्योति खुराना,निदेशक पंकज खुराना सहित विद्यालय के गुरुजनों एवं अपने माता पिता को दिया है। विद्यालय की टॉपर्स रही छात्राओं ने बड़े पदों पर रहकर देश की सेवा करने की इच्छा जाहिर की है। इस अवसर पर विद्यालय फाउंडर श्रीमती इन्द्रा पाल खुराना ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## वन मंत्री की अधिकारियों को फटकार, बोले- हाजिरी रजिस्टर में साइन क्यों नहीं करते



**उदयपुर**

राज्य के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने आज उदयपुर में वन विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा- कोई ड्यूटी पर हो और हाजिरी रजिस्टर में साइन नहीं करें। यह गलत बात है। ये खुद का घर है क्या, जो मनमर्जी चलाए। मंत्री आज सुबह उदयपुर के सज्जनगढ़ अभयारण्य और सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने बायोलॉजिकल पार्क में रेंजर कार्यालय में उपस्थिति रजिस्टर देखा। रजिस्टर में कुछ कर्मचारियों के साइन नहीं थे। उन्होंने वाइल्डलाइफ डीएफओ सुनील सिंह और रेंजर प्रभुलाल मीणा से सवाल किए। इस बीच रेंजर ने कहा- जिनके साइन नहीं है वे डयूटी पर थे। इस पर मंत्री शर्मा नाराज हो गए और फटकार लगाते हुए बोले- ये रेंजर कह रहे है कि साइन नहीं किए लेकिन कर्मचारी रोज आ रहे है। रोत आते है तो हस्ताक्षर क्यों नहीं कर रहे है। ये खुद का घर है क्या, हाजिरी रजिस्टर में हस्ताक्षर नहीं करेंगे। यह बहुत गलत बात है। मंत्री संजय शर्मा ने सज्जनगढ़ में बन रही लॉयन सफारी का काम भी देखा। उन्होंने इसके पूरे प्लान के बारे में जानकारी ली और सफारी को लेकर हर बिंदू पर बात की। उल्लेखनीय है कि वन मंत्री संजय शर्मा बुधवार को उदयपुर आए थे और यहां भू आयोजित दृश्य पुनरुद्धार और जैव विविधता कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में शामिल हुए थे। रात्रि विश्राम उदयपुर में ही किया था। आज सुबह उन्होंने सज्जनगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया।

## खजूर के पौधों देने के नाम पर 2 लाख ठगे, जांच में जुटी संगरिया पुलिस




**हनुमानगढ़**

हनुमानगढ़ में एक शख्स ने खजूर के पौधे बेचने का झांसा देकर बुजुर्ग को दो लाख रुपए का चूना लगा दिया। बुजुर्ग की रिपोर्ट के आधार पर संगरिया पुलिस थाना में पीलीबंगा थाना क्षेत्र के गांव जाखड़ांवाली निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। खास बात यह कि नामजद आरोपी हरियाणा के सिरसा जिले के रानिया क्षेत्र में कुसुम योजना के तहत सोलर पंप लगवाने के नाम पर कई लोगों से करीब साढ़े आठ लाख रुपए की धोखाधड़ी कर चुका है। इस संबंध में रानिया पुलिस ने हाल ही में उसे गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसके खिलाफ अब संगरिया पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार पृथ्वी सिंह (42) पुत्र गुरचरण सिंह जटसिख निवासी वार्ड नौ, गांव सन्तपुरा पीएस संगरिया ने लिखित रिपोर्ट पेश की कि आज से एक-डेढ़ साल पहले उसके पास ध्रुवराज गोदारा पुत्र शिवकरण गोदारा निवासी जाखड़ांवाली पीएस पीलीबंगा, गांव सन्तपुरा में उसके पास आया था। ध्रुवराज गोदारा ने उसे कहा कि मेरे पास खजूर के पौधे हैं। आप अपने खेत में खजूर के पौधे जो कि अतुल नर्सरी जोधपुर के बिल शुदा होंगे। वह लगाओ, आपकी अच्छी इनकम हो जाएगी। पृथ्वी सिंह के अनुसार वह ध्रुवराज गोदारा के विश्वास में आ गया। ध्रुवराज गोदारा ने 70 पौधों के दो लाख रुपए बताए। उसने ध्रुवराज गोदारा को डेढ़ लाख रुपए नकद गुरप्यार सिंह पुत्र छिन्दा सिंह, अमरपाल सिंह पुत्र गुरचरण सिंह के सामने अदा कर दिए। डेढ़ माह बाद ध्रुवराज गोदारा ने कहा कि पौधे मेरे पास आए हुए हैं। शेष 50 हजार रुपए 20 सितम्बर 2023 को फोन पे कर दो। इस पर उसने शेष 50 हजार रुपए फोन पे कर दिए। बाद में जब वह पौधे लेने गया तो ध्रुवराज गोदारा कहने लगा कि वह पौधे उसने किसी और को दे दिए। उसे हफ्ता-दस दिन रूककर पौधे मिल जाएंगे। उसके बाद वह जब भी जाता तो ध्रुवराज गोदारा आजकल-आजकल कहता रहता, लेकिन ध्रुवराज गोदारा ने न तो उसे आज तक पौधे लाकर दिए हैं और न ही रुपए लौटाए हैं। अब ध्रुवराज गोदारा ने कहा कि उसे जो करना है कर ले, उसने तो उससे ठगी करनी थी जो कर ली। पुलिस ने ध्रुवराज गोदारा के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में आईपीसी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश एएसआई गुरबचन सिंह के सुपुर्द की है।

## 9 साल की मासूम से रेप का दरिंदा गिरफ्तार, हैवानियत के बाद नहाया

**सीकर**

सीकर में तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली 9 साल की मासूम के साथ रेप करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पहले भी एक नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में जेल जा चुका। घटना से एक दिन पहले ही मारपीट के मामले की शिकायत करने थाने आया था। एएसपी गजेंद्र सिंह जोधा ने बताया- आरोपी बनवारी (45) गोकुलपुरा इलाके में मजदूरी करता है। बुधवार देर शाम 7 बजे 9 साल की मासूम का पिता थाने पहुंचा था।



उन्होंने बताया कि उनकी बेटी के साथ रेप हुआ है। इसके बाद तुरंत एक्शन लिया और इंस्पेक्टर प्रीति बेनीवाल टीम के साथ मौके पर पहुंची। नाबालिग लड़की को हॉस्पिटल लाया गया, जहां भर्ती कर उसका इलाज किया गया। गंभीरता को देखते हुए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक किए गए और ह्यूमन इंटेलिजेंस के जरिए पूरी जानकारी जुटाई गई। आरोपी की तलाश में 8 टीमें गठित की गई थी। इलाके में स्थित एक शराब ठेके के सेल्समैन से क्लू मिला। सेल्समैन ने बताया कि एक व्यक्ति पिछले दो- तीन दिन से शराब ठेके पर आ रहा था। वहां यहां से गुजरने वाली लड़कियों को देखता रहता था। सेल्समैन के बताए हुलिए के आधार पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। इसके बाद देर रात पुलिस टीम ने दासा की ढाणी फाटक के पास से आरोपी बनवारी निवासी कंदलाऊ फतेहपुर को गिरफ्तार किया। आरोपी रेप करने के बाद नहाने गया और कपड़े बदलकर करके फरार होने की फिराक में था, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अविवाहित है। वह अपने घरवालों से दूर रहता है।आरोपी एक दिन पहले अपने साथ मारपीट की शिकायत देने पुलिस थाने भी पहुंचा था। बता दें कि बुधवार को पीड़िता के मजदूर माता- पिता सुबह काम पर चले गए थे। घर पर उनकी बेटी और दो बेटे अकेले थे। तीनों बच्चे घर के पास ही खेल रहे थे। इसी दौरान आरोपी वहां आया और 10 रुपए का नोट देकर दोनों लड़कों को वहां से भेज दिया था।

# इंश्योरेंस के 10 लाख के लिए पत्नी की हत्या की, मेडिकल कारोबारी से 6 महीने पहले हुई थी शादी, पत्थर से सिर कुचला

**नवलगढ़**

झुंझुनूं में 10 लाख रुपए के इंश्योरेंस के लिए पति ने पत्नी की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी। हत्या को हादसे का रूप देकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। हालांकि पुलिस जांच में राज खुल गया। पुलिस ने पति और 4 दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला नवलगढ़ थाना इलाके के कारी गांव का है। डीएसपी राजवीर सिंह ने बताया- 12 मई की रात 1 बजे थाने में सूचना मिली कि बड़वासी गांव के जोहड़ के पास बाइक फिसलने से महिला कृष्णा सैनी (35) की मौत हो गई। बाइक कृष्णा का पति सहीराम सैनी (47) चला रहा था। हादसे में वह भी घायल हुआ।

### 13 मई को थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया

13 मई को सहीराम ने थाने पहुंचकर पत्नी की मौत की जानकारी दी थी। पुलिस को सहीराम ने बताया कि वह पत्नी के साथ बाइक से जयपुर गया था। लौटते वक्त देर रात बाइक को पीछे से आ रही तेज रफ्तार



कार ने टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी की मौत हो गई। वारदात की रात सहीराम के साथी कार लेकर मौके पर पहुंचे थे। सभी ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए सभी पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सीआई सुगन सिंह ने बताया- आरोपी सहीराम ने झूठी कहानी गढ़ी थी, लेकिन पुलिस जांच में जुटे साक्ष्य, बयानों और फोरेंसिक रिपोर्ट ने आरोपी की पोल खोल दी। अब सभी पहलुओं की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट पेश की जाएगी।

### घटनास्थल देखने के बाद पुलिस को पति पर शक हुआ

डीएसपी राजवीर सिंह ने बताया- पुलिस ने घटनास्थल देखा। कृष्णा के शव की जांच की। बाइक की हालत देखी। सभी बातें सहीराम के बयान से मैच नहीं कर रही थी। हादसे में कृष्णा का सिर बुरी तरह कुचल गया था। घटनास्थल पर ऐसे सबूत नहीं मिले, जिससे यह तय किया जाता कि महिला का सिर हादसे में किसी चीज से टकराया है। सहीराम को मामूली चोटें लगी थी। ऐसे में सहीराम पर शक पैदा हुआ।

### पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में महिला के शरीर पर चोट के निशान मिले

डीएसपी ने बताया- पुलिस ने सड़क हादसे के एंगल से मामले की जांच शुरू की। इस बीच पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सामने आया कि कृष्णा का सिर हादसे के कारण नहीं कुचला गया था। उसके शरीर पर मारपीट की चोटों के भी निशान थे। पुलिस ने माना कि महिला की मौत दुर्घटना के कारण नहीं, बल्कि साजिश के तहत हुई है। इसके बाद सहीराम को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई। उसने कबूल किया कि 4 दोस्तों के साथ मिलकर उनसे पत्नी का मर्डर कर दिया। वह 10 लाख रुपए के इंश्योरेंस के पैसे लेना चाहता था।

### पहली पत्नी की मौत, 6 महीने पहले ही कृष्णा से शादी की थी

डीएसपी राजवीर सिंह ने बताया- सहीराम की नवलगढ़ के भगेरा गांव में मेडिकल शॉप है। उसकी पहली पत्नी की मौत बीमारी के कारण हो गई थी। इसके बाद 6 महीने पहले 12 नवंबर 2024 में ही उसने सीकर के खंडेला निवासी कृष्णा से दूसरी शादी की थी। इसी साल अप्रैल महीने में उसने 10 लाख का गोल्ड लोन लिया और 10 लाख रुपए का पत्नी का एक्सीडेंटल बीमा कराया था। वह अप्रैल से ही पत्नी का मर्डर करने की फिराक में था। इस दौरान नवलगढ़, झुंझुनूं निवासी रिश्तेदार मुकेश कुमावत, भगेरा, नवलगढ़ निवासी दोस्त दोस्त सचिन, प्रदीप सिंह और मध्यप्रदेश निवासी अमृत उर्फ रामसिंह को उसने साजिश में शामिल किया।

## प्रॉपर्टी डीलर की हत्या के फरार आरोपी को पकड़ा, जयपुर में रहकर कर रहा था मजदूरी

**जोधपुर**

जोधपुर पुलिस ने प्रॉपर्टी व्यवसायी की हत्या के फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी कानाराम को जयपुर से पकड़ा है। कानाराम पर 10 हजार का ईनाम घोषित था और वह जोधपुर पुलिस जिला पश्चिम के टॉप-10 वांछितों में शामिल था। कुड़ी भगतासनी थाना अधिकारी हमीर सिंह भाटी के अनुसार प्रॉपर्टी व्यवसायी चंदन सिंह की मार्च में हुई हत्या के बाद से ही फरार हो गया था। हत्या के बाद आरोपी जयपुर से होते हुए अहमदाबाद गया और उसके बाद फिर बेंगलुरु चला। बेंगलुरु में 8-10 दिन रहने के बाद जयपुर आ गया और मजदूरी करना लग गया। पुलिस को इस बारे में भनक लगी तो टीम गठित कर जयपुर से दबोच लिया। गौरतलब है कि 21 मार्च 2025 को पुलिस थाना कुड़ी भगतासनी में भवानी सिंह ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में भवानी सिंह ने बताया - 21 मार्च को मेरा भाई चंदन सिंह पुत्र हनुमान सिंह के साथ रात्रि में करीब 12 बजे से 12.40 बजे के आस पास रूपेश के मोबाइल पर मुकेश हुड्डा ने बात की और बताया



कि आपकी गाडी में मेरा मोबाइल गिर गया था। आप मेरा मोबाइल मुझे लाकर दो, नहीं तो हम आपकी गाड़ियां जला देगें। तभी फोन गंगाराम ने अपने पास लेकर फोन पर चंदन सिंह को धमकी दी की मेरे दोस्त मुकेश हुड्डा जो फोन आपकी गाडी में भुल गया है उसे वापस कर दो नही तो हम आपकी गाड़ियां जला देंगे और तुझे मार देंगे। चंदनसिंह अपनी गाडी लेकर साथ में स्वरूपसिंह को लेकर फोन देने के लिए घर से रवाना हुआ। तब मोती मार्केट पुलिया के नीचे पहले से रूपेश सैन, मुकेश हुड्डा, गेनाराम, पारस सैन व 2-3 अन्य लोगो ने चंदनसिंह के पर धारदार हथियार से हमला किया तो चंदनसिंह के गर्दन के पास खून बहना शुरूहोगा। जिसके बाद में गाडी में डालकर एम्स अस्पताल लेकर गये जहां डॉक्टर ने मेरे भाई को मृत घोषित कर दिया। वारदात के 24 घण्टे के भीतर ही पुलिस ने घटना में शामिल आरोपी रूपेश सैन, पारस सैन, अर्जन चौधरी व प्रतापराम को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद मुख्य आरोपी मुकेश हुडडा व अशोक चौधरी, गंगाराम को गिरफ्तार किया गया था। अब कानाराम जाट को जयपुर से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया है। कानाराम को गिरफ्तार करने वाली पुलिस की टीम में कुड़ी भगतासनी थानाधिकारी हमीर सिंह भाटी, हैड कॉन्स्टेबल प्रेम चौधरी,कॉन्स्टेबल जगदीश , धीरज मीना , महिपाल दिनेश शामिल रहे।

## चचेरे भाइयों में झगड़ा, चाची समझाने गई तो मार डाला

**अनूपगढ़**

श्रीगंगानगर में मामूली कहासुनी के बाद युवक ने अपनी चाची की गर्दन पर कसिए से वार कर हत्या कर दी। युवक का अपने चचेरे भाई से किसी बात पर झगड़ा हो गया था। इस दौरान युवक ने उसे थप्पड़ मार दिए थे। चाची उसे समझाने गई तो उसने गुस्से में हत्या कर दी। शोरगुल सुनकर पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी ने लोगों को धमकाया कि कोई बीच में आया तो उसे भी मार डालूंगा। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर कुछ ही घंटों में उसे दबोच लिया। मामला रावला थाना इलाके के गांव 7 केएनडी का है। एसएचओ नवनीत सिंह ने बताया- अर्शदीप सिंह (24) पुत्र जसविंदर सिंह को गुरुवार सुबह अपने चचेरे भाई से झगड़ा हो गया था। गुरचरण सिंह और अपनी पत्नी सर्वजीत कौर के साथ अर्शदीप के घर उसे समझाने गए थे। इस दौरान अर्शदीप ने गुस्से में आकर कसिए से अपनी चाची पर दो-तीन वार कर मर्डर कर दिया और फरार हो गया। एसएचओ ने बताया- घटना की जानकारी मिलने पर टीम के साथ मौके पर पहुंचे और इलाके की घेराबंदी कर आरोपी को राउंडअप कर लिया। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद के चलते हत्या करने की बात सामने आ रही है। आरोपी से पूछताछ जारी है। पड़ोसी रूपचंद बवेजा ने बताया- हमले के बाद अर्शदीप कसिया लहराते हुए लोगों को धमका रहा था कि अगर कोई बीच में आया तो वह उसे भी मार डालेगा। जब आरोपी मौके से फरार हुआ, तब पड़ोसियों ने सर्वजीत कौर को तुरंत रावला के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## चोरी के 2-आरोपी गिरफ्तार, जेल से छूटकर करते थे वारदात

**जोधपुर**

जोधपुर पुलिस ने चोरी के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी आदतन नकबजन हैं, जो जेल से बाहर आने के बाद चोरी व नकबजनी की वारदात करते हैं। कुड़ी भगतासनी थाना इंचार्ज हमीर सिंह भाटी ने बताया- गिरफ्तार आरोपी इमरान उर्फ भूरया उर्फ छोटा चेतन ( 21) पुत्र अशलम खान निवासी कबीर नगर और आमीर उर्फ मोंटू (24) पुत्र चांद मोहम्मद उनिवासी चादणा भाखर ज्योति नगर का रहने वाला है। आमीर उर्फ मोंटू के विरुद्ध 16 प्रकरण और इमरान उर्फ भूरया उर्फ छोटा चेतन के विरुद्ध पूर्व में 12 प्रकरण अलग- अलग थानों मे दर्ज हैं। भाटी के अनुसार- चोरी के बाद आसपास के सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी माध्यम से आरोपियों की पहचान करके दस्तयाब कर गहनता से पूछताछ की गई। आरोपियों द्वारा कुड़ी भगतासनी थाना क्षेत्र में नकबजनी की वारदात को करना स्वीकार किया है। आरोपियों से अन्य वारदातों के खुलासे की भी संभावना है। दोनों आरोपी शाम के समय एक्टिवा पर हेलमेट पहनकर घूमते और बाहर से ताला लगे मकानों को चिह्नित करते है। रात के समय ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देते है। 15 मई को पुलिस थाना कुड़ी भगतासनी में आकाश बेनीवाल निवासी प्रशांत नगर हरिसभा आश्रम के पास मीरा नगर झालामंड ने थाने में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 12 मई को सपरिवार हम गांव नौसर लोहावट दादा का देहांत होने पर गए थे। सुबह करीब 8 बजे पड़ोसी ने बताया कि आपके घर के ताले टूटे हैं। मैंने आकर देखा तो गेट पर ताला टूटा हुआ था। घर का सामान, अलमारी, बक्से, लॉकर सभी बिखरे और टूटे पड़े थे। इस पर चैक करने पर बक्से के अंदर से 1 करडी सेट 3.5 तोला, 1 चेन 2 तोला, चांदी के पाजेब, अंगूठी बिछिया 200 ग्राम करीब और डेढ़ लाख कैश अज्ञात लोग चोरी करके ले गए।



## कांग्रेस नेता राठौड़ बोले- देवनानी संविधान की धज्जियां उड़ा रहे, विधायक कंवरलाल की विधानसभा सदस्यता रद्द करने की मांग

**अजमेर**

पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने बीजेपी विधायक कंवरलाल मीणा की सदस्यता रद्द नहीं करने पर सवाल खड़े किए हैं। राठौड़ ने कहा कि राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। लोकसभा में तुरंत कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कार्रवाई की गई, लेकिन राजस्थान में भाजपा विधायक पर कोई कार्रवाई नहीं हुई यह सीधा- सीधा संविधान पर हमला है। राठौड़ गुरुवार को अजमेर दौरे पर रहे। इस दौरान सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। पूर्व रञ्जष्ठष्ट अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरे देश में संविधान बचाओ आंदोलन कर रही है। देश का जो संविधान है वह संकट में है। संविधान पर लगातार हमले हो रहे हैं। संवैधानिक संस्थाओं ईडी और इनकम टैक्स का दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने कहा- कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के ऊपर अदालत का फैसला आया तो उनकी 24 घंटे के अंदर सदस्यता छीन ली गई। लोकसभा अध्यक्ष ने इतनी तेजी से कार्रवाई की और सदस्यता छीन ली गई। आनन फानन में उनका मकान खाली करवा दिया गया। राठौड़ ने कहा कि दूसरी तरफ बीजेपी के एमएलए कंवरलाल के खिलाफ 1 मई को एसडीएम पर बंदूक तानने के मुकदमे में कोर्ट ने 3 साल की सजा सुनाई थी। उम्मीद थी राहुल गांधी की सदस्यता



को लेकर जो लोकसभा अध्यक्ष ने तत्परता दिखाई ऐसे तत्परता राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी वह भी दिखाएंगे। उम्मीद थी कि वह संविधान के को ऊंचा रखेंगे। लेकिन अनफॉर्चूनेटली वह भी संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने चार बार मिलकर और टेलीफोन कर एमएलए की सदस्यता तत्काल रद्द करने की रिक्वेस्ट की। लेकिन उनकी बातों को इग्नोर किया गया। यह दोगला व्यवहार किया जा रहा है। राठौड़ ने कहा कि बीजेपी के एमएलए होने के कारण कंवरलाल की सदस्यता को वापस नहीं लिया गया। राहुल गांधी कांग्रेस के नेता और प्रधानमंत्री के खिलाफ बोल रहे हैं, इसलिए उनकी सदस्यता तुरंत ले ली गई। यह सीधा-सीधा संविधान पर हमला है। विधानसभा अध्यक्ष के पद की गरिमा के खिलाफ है। राठौड़ ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के पद पर आने के बाद से वासुदेव देवनानी अधिकारियों की 65 से ज्यादा मीटिंग ले चुके हैं। लेकिन आज भी पानी की समस्या दूर नहीं हुई है। अजमेर में पानी, बिजली सहित अन्य समस्याएं सब ठप है। समुदाय विशेष के लोगों को टारगेट करने का काम किया जा रहा है। कांग्रेस के दो कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का पुतला जलाया था। यह लोकतंत्र में सभी का अधिकार है।

# बौंली के दो मंदिरों में चोरी करने के आरोपी गिरफ्तार

**सवाई माधोपुर**

सवाई माधोपुर की बौंली थाना पुलिस ने जगत शिरोमणी मंदिर व सत्यनारायण मंदिर चोरी मामले में खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी में उपयोग में ली गई बाइक को बरामद किया है। इसी के साथ ही पुलिस ने आरोपी गजेन्द्र उर्फ गज्जू सैनी, रोहित वर्मा व संजय सैनी को जयपुर से गिरफ्तार किया है। बौंली थानाधिकारी राधारमण गुप्ता ने बताया कि 17 मई को शिवकुमार पाराशर पुजारी जगत शिरोमणी मंदिर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें शिवकुमार ने बताया कि 16 मई की रात को मैं रोजाना की तरह रात 10 बजे मंदिर गेट के ताला लगाकर घर चला गया। 17 मई को सुबह 4.00 बजे वह पूजा के लिये आया तो मेन गेट के ताले टूटे हुए मिले। यहां सीताराम की मूर्ति से तीन चांदी के छत्र, तीन मुकुट व कान के कुण्डल नहीं मिले। जिन्हे



रात को चोर चुराकर ले गये। इसी तरह 17 मई को रघुनंदन पाराशर पुजारी सत्यनारायण मंदिर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें रघुनंदन ने बताया कि 16 मई की रात को करीब 9.00 बजे मैं पूजा करके घर चला गया था। 17 मई को सुबह 5.00 बजे पूजा करने मंदिर गया तो सत्यनारायण की मूर्ति के दो कुण्डल, दो मुकुट, चार चांदी की चैन, एक चांदी की माला व आठ नग कड़े नही मिले, जिन्हे कोई अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गये। मे दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए ममता गुप्ता के निर्देश पर थानाधिकारी राधारमन गुप्ता के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। थाना स्तर पर गठित टीम में हैड कॉन्स्टेबल धर्मेन्द्र चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह हैड कॉन्स्टेबल, कॉन्स्टेबल बनवारी लाल, शीशराम, रिछपाल को शामिल किया गया। टीम ने घटना के बाद से ही मंदिर के सीसीटीवी फुटेज, इंटेलिजेंस व तकनीकी माध्यम से तीनों आरोपियों की शीघ्र पहचान कर उनकी टोंक, करौली व जयपुर में सघन तलाश प्रारंभ की गई। तलाश के दौरान 18 मई की शाम को जयपुर से आरोपी गजेन्द्र उर्फ गज्जू सैनी को डिटेन करने का प्रयास किया गया, लेकिन आरोपी पुलिस टीम को गच्चा देकर मौके से फरार हो गया। इस दौरान टीम ने थानाधिकारी के नेतृत्व में लगातार तीन दिनों तक जयपुर में स्टे कर आरोपियों का तकनीकी संसाधनों की मदद से लगातार पीछा किया। जिसके बाद 21 मई की शाम को टीम ने जयपुर में विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर तीनो अभियुक्तण को डिटेन किया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, मौखिक साक्ष्य एंव तकनीकी साक्ष्य के आधार पर तीनो आरोपियों का घटना में शरीक होना पाया गया। जिस पर पुलिस ने गजेन्द्र उर्फ गज्जु (22) पुत्र जयराम माली निवासी बौली, रोहित वर्मा (22) पुत्र कमलेश रैगर निवासी लोदीपुरा, संजय सैनी (19) पुत्र लखन माली निवासी दलपुरा मोहनपुरा थाना कैलादेवी जिला करौली हाल वाटिका आनंद विहार कॉलोनी सांगानेर को गिरफ्तार किया है। तीनो आरोपी ने अनुसंधान के दौरान दोनो मंदिरो से चोरी करना कबूल किया है।

# जिला कलक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक सम्पन्न

# अधिकारी अपने दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करते हुए बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध करें - कल्पना अग्रवाल

## संपर्क पोर्टल के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए आमजन को तुरंत राहत पहुंचाएं- जिला कलक्टर

मरुधर विशेष

**कोटपूतली-बहरोड़ (सीताराम गुप्ता)।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी राजस्व अधिकारी बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को गति देने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय करते हुए भूमि आवंटन, डीपीआर, टैंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करते हुये विकास कार्यों को समय पर पूरा करें जिससे विकास कार्यों का लाभ आमजन को समयबद्ध मिल सके। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल के प्रकरणों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें. उन्होंने यह बात गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय उपलब्धियों एवं विकास कार्यों के संबंध में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक के दौरान कही.

उन्होंने निर्देशित किया कि बजट 2025-26 में जिले के संबंध में की गई घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए आवश्यक व भविष्य में सुगमता को देखते हुए उपयुक्त भूमि का चिन्हीकरण करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि भूमि का चयन करते समय आमजन की पहुंच व सुविधाओं का विशेषता से ध्यान रखें.

### इन विषयों पर हुई चर्चा

बैठक के दौरान उन्होंने संपरिवर्तन प्रकरणों, भूमि अवाप्ति, गैर खातेदारी प्रकरण, 90 ए, आरओडब्लयू पोर्टल, लंबित नामांतरण, सीपी ग्राम पोर्टल, शहरी विकास, लॉ एंड ऑर्डर, राइजिंग राजस्थान, अवैध खनन की प्रभावी मॉनिटरिंग, मासिक सारांश रिपोर्ट, राजस्व सहित न्यायालयों व अदालतों



के लंबित प्रकरण, एल आर/पीडीआर एक्ट प्रकरण, जीएलएमएसी से संबंधित प्रकरण, जीसीएमएस पोर्टल, सहायता संबंधित बकाया प्रकरण, सड़क सुरक्षा, गिरदावरी, अतिक्रमण, राजस्व वसूली के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अपने अधीनस्थ व विभागीय कार्यालयों के समय-समय पर निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने एवं रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त तहसीलदारों को एलआर सेक्शन से समन्वय करते हुए लंबित प्रकरण निपटाने व पोर्टल पर जानकारी अपडेट करने को कहा. उन्होंने कहा कि राजकीय कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने न्यायालय एवं लाइट्स पोर्टल, राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के निस्तारण की समीक्षा की एवं अखबारों में प्रकाशित खबरों पर नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा. अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण ने गत बैठक में दिए गए निर्देशों की पालना के बारे में चर्चा करते हुए अन्य बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा कर सभी प्रकरणों को समयसीमा के भीतर नियमानुसार निस्तारित करने के लिए कहा।

### राजस्व संबंधी प्रकरणों का गुणवत्ता से करें निस्तारण

जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में राजस्व अधिकारी राजस्व से संबंधित सभी प्रकार के प्रकरणों का विहित समय में निस्तारण करें, ताकि आमजन को जल्द से जल्द राहत मिल सके। सभी उपखण्ड अधिकारी अपने दायित्वों का पालन करते हुए अपने क्षेत्र में संचालित समस्त गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग करे। उन्होंने कहा कि सीमाज्ञान व पत्थरगढ़ी के मामलों में दोनों पक्षों को सुनकर ही संवेदनशीलता से कार्यवाही करें. उन्होंने अधिकारियों को जनसुनवाई व रात्रि चौपाल के माध्यम से आमजन के बीच पहुंचकर उनके परिवादों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता के साथ आमजन के बिजली, पेयजल, सड़क आदि के प्रकरणों को सुन संतुष्टपूर्ण निस्तारण करने को कहा. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनसुनवाई प्रकोष्ठ, संपर्क पोर्टल व जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता से निवारण करें.

### गर्मी के मद्देनजर निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें

जिला कलेक्टर ने कहा कि गर्मी के मद्देनजर अधिकारी अपने क्षेत्र में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पीएचईडी विभाग से समन्वय करते हुए ट्यूबवेल, टैंकर सप्लाई, पाइपलाइन मरम्मत, मोटर रिपेयर, टंकी सफाई आदि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें.

### यह रहे उपस्थित

बैठक के दौरान उपखंड अधिकारी कोटपूतली बृजेश कुमार, नीमराना महेंद्र सिंह, विराटनगर अमिता मान, बानसूर अनुराग हरित, बहरोड़ रामकिशोर मीणा एवं पावटा एसडीएम कपिल कुमार, नारायणपुर दिनेश शर्मा सहित संबंधित तहसीलदार उपस्थित रहे।

---

## सुदिती ग्लोबल एकेडमी में भारतीय भाषा समर कैंप 2025 के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने सीखा गुजराती भाषा में दैनिक संवाद

### राष्ट्रीय एकता एवं भाषाई विविधता का सशक्त प्रदर्शन

मरुधर विशेष

**मैनपुरी(अजय सक्सेना)।** सुदिती ग्लोबल एकेडमी, मैनपुरी में दिनांक 20 मई 2025 से भारतीय भाषा समर कैंप 2025 के दूसरे दिन विद्यार्थियों को भारत की एक अतिरिक्त भाषा के प्रति उत्साहित करते हुए बहुभाषावाद और सांस्कृतिक समावेशन को बढ़ावा दिया गया है । इस सात दिवसीय समर कैंप में के दूसरे दिन विद्यालय के 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जहां वे पूरे उत्साह के साथ गुजराती भाषा सीख रहे हैं। छात्रों को गुजराती के मूलभूत शब्द, दैनिक प्रयोग के वाक्य, अभिवादन की शैली, तथा सरल संवाद सिखाए जा रहे हैं इन संवादों के माध्यम से बच्चों में भाषा सीखने की जिज्ञासा और आत्मविश्वास दोनों बढ़ रहे हैं। शिविर में विद्यार्थियों को केवल भाषा ही नहीं, बल्कि गुजराती संस्कृति से भी परिचित कराया गया, जिसमें गतिविधियाँ रंग-बिरंगे पोस्टर, स्टोरी



टेलिंग, और वीडियो के माध्यम से कराई गईं, जिससे सीखना आनंदमय एवं प्रभावी बना। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राम मोहन ने कहा, राष्ट्र की विविधता उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। जब हमारे विद्यार्थी एक दूसरी भाषा सीखते हैं, तो वे केवल शब्द नहीं, बल्कि उस संस्कृति और समाज को समझते हैं। गुजराती जैसी समृद्ध भाषा को जानना न केवल संप्रेषण के लिए उपयोगी है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता को भी सुदृढ़ करता है। प्रशासनिक प्रधानाचार्य डॉ. कुसुम मोहन ने कहा, इस तरह के शिविर विद्यार्थियों की भाषाई योग्यता और सामाजिक संवेदनशीलता को विकसित करते हैं। हम चाहते हैं कि सुदिती के छात्र न केवल शैक्षिक रूप से, बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी समृद्ध बनें। यह शिविर उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. लव मोहन ने कहा, ष्गुजराती सीखना केवल एक भाषा सीखना नहीं है, यह भारत के एक बड़े सांस्कृतिक परिदृश्य से जुड़ने जैसा है। शएक भारत श्रेष्ठ भारतश् की भावना को मूर्त रूप देने में यह समर कैंप अत्यंत उपयोगी है। हमें गर्व है कि सुदिती ग्लोबल एकेडमी इस राष्ट्रीय प्रयास में अग्रणी भूमिका निभा रही है। सुदिती ग्लोबल एकेडमी सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु नवनवाचारपूर्ण शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन करता है। यह शिविर भी उसी प्रयास की एक सुंदर मिसाल बन रहा है। विद्यालय में हो रहे इस रचनात्मक आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि सुदिती ग्लोबल एकेडमी न केवल शिक्षा बल्कि भारतीयता को भी संजोने का कार्य कर रहा है।

---

## अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत पुनर्विकसित गोगामेड़ी रेलवे स्टेशन का पीएम नरेंद्र मोदी ने किया वर्चुअल उद्घाटन

मरुधर विशेष

**हनुमानगढ़,** अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत पुनर्विकसित गोगामेड़ी रेलवे स्टेशन का गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल उद्घाटन किया इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर भादरा विधायक संजीव बैनिवाल, विशिष्ट अतिथि चुरु लोकसभा क्षेत्र से सांसद राहुल कस्वां , गोगामेड़ी सरपंच महंत रुपनाथ, पंचायत समिति सदस्य विनोद बिसरा, भादरा नगरपालिका उपाध्यक्ष बलवंत सैनी आदि ने शिरकत की ।

वहीं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पुनर्विकसित 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन एवं विभिन्न रेल परियोजनाओं का राष्ट्र को समर्पण तथा राजस्थान के देशनोक से बीकानेर-मुंबई नई रेल सेवा को हरी झंडी दिखाई। सहायक वाणिज्य प्रबंधक राज??? कुमार स्वर्णकार ने बताया कि गोगामेड़ी



रेलवे स्टेशन पर 14 करोड रुपए की लागत से मेला बुकिंग आफिस,एसी वैंटिंग रुम,नया सुलभ शौचालय, यात्री विश्राम घर, प्लैटफॉर्म शैड का विस्तार, रैंप , पार्किंग,सर्कूलेटिंग एरिया, फसाड ,सीजीएस सिस्टम, ट्रैन डिस्प्ले बोर्ड आदि कार्य करवाएं गए है। साथ ही गोगामेड़ी रेलवे स्टेशन पर स्थानीय संस्कृति और वास्तुकला से प्रेरित बिल्डिंग डिजाइन के साथ पोर्च का निर्माण कार्य करवाया गया है। इस दौरान लोगों ने अमृत भारत स्टेशन के तहत गोगामेड़ी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य को खुशी जाहिर की । तथा पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया। साथ ओप्रेशन सिंदूर की सफलता को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना की तारीफ की । उन्होंने कहा कि मोदी के अमृत भारत योजना के तहत गोगामेड़ी रेलवे स्टेशन पर ऐतिहासिक विकास कार्य करवाए हैं । इस अवसर पर बीकानेर मंडल से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक मोहिंदर सिंह,उप मुख्य इंजीनियर कुमार गौरव , मंडल बिजली अभियंता शादाब अहमद , सहायक कार्मिक अधिकारी निशांत,सहायक दूरसंचार अभियंता अखिल गुप्ता आदि मौजूद रहे

---

## 4एनआर (निहालपुरा) में रात्रि चौपाल, सीईओ ने की विकास कार्यों की समीक्षा और सुनी जन समस्याएं



मरुधर विशेष

**हनुमानगढ़, (प्रभु राम)** पीलीबंगा पंचायत समिति की 4एनआर (निहालपुरा) ग्राम पंचायत में मंगलवार रात्रि को जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री ओ.पी. बिश्नोई की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और विकास कार्यों की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। ग्राम पंचायत में खेल मैदान, ओपन जिम, पंचायत भवन, पंचायत पौधशाला सहित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। श्री बिश्नोई ने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने गांव में प्रतिदिन पेयजल आपूर्ति की मांग उठाई। इस पर जलदाय विभाग के सहायक अभियंता को समय पर नहर से जल आपूर्ति हेतु ठोस कार्यवाही के निर्देश दिए गए। पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए थ्री फेज लाइन से बिजली कनेक्शन जोड़ने की मांग पर, विद्युत विभाग को जलदाय विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक प्रावधान करने के निर्देश दिए गए। गांव के निकट स्थित हड्डारोड़ी को अन्यत्र स्थानांतरित करने की ग्रामीणों की मांग पर, तहसीलदार को नई भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। पिछले 6-7 वर्षों से गांव में राशन डिपो द्वारा राशन नहीं बांटे जाने तथा ग्रामीणों को अन्य पंचायतों से राशन प्राप्त करने की मजबूरी की समस्या पर रसद अधिकारी को वैकल्पिक व्यवस्था कर स्थानीय स्तर पर राशन वितरण शुरू कराने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर विकास अधिकारी, तहसीलदार, सहायक अभियंता सहित ब्लॉक स्तर के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

## रिको इंडस्ट्रियल एरिया में संदिग्ध यूरिया के 1352 बैग जब्त, कृषि विभाग की टीम ने की छापेमारी

मरुधर विशेष

**हनुमानगढ़,** (प्रभु राम) : कृषि विभाग की टीम ने बुधवार शाम रिको इंडस्ट्रियल एरिया फेज-एक स्थित एस. एस. ब्लो केमिकल लिमिटेड औद्योगिक इकाई पर छापेमारी करते हुए संदिग्ध यूरिया के 1352 बैग जब्त किए है। जब्त किए गए यूरिया बैग औद्योगिक उपयोग हेतु अंकित थे, जिनकी गुणवत्ता पर संदेह जताया गया है।

संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में कृषि अधिकारी (मिशन) एवं उर्वरक निरीक्षक श्री कुलवंत सिंह तथा सहायक निदेशक कृषि डॉ. संजीव कुमार शामिल रहे। अधिकारियों ने सांय चार बजे संबंधित औद्योगिक इकाई पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इकाई के निदेशक श्री गौरव खड़गावत मौजूद







थे।

अधिकारियों को प्लॉट नंबर ई-1 बी स्थित एक गोदाम में 490 बैग (प्रत्येक 45 किलोग्राम) पर "टेक्निकल ग्रेड यूरिया फॉर इंडस्ट्रियल यूज़ ओनली" तथा 862 बैग (प्रत्येक 50 किलोग्राम) पर "टेक्निकल ग्रेड यूरिया नाइट्रोजन 46 प्रतिशत, यूरिया फॉर इंडस्ट्रियल यूज़ ओनली" अंकित यूरिया मिला। श्री कुलवंत सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के उल्लंघन का प्रतीत होता है। इसलिए संबंधित इकाई को नोटिस जारी कर सभी संदिग्ध बैग जब्त किए गए। गुणवत्ता परीक्षण हेतु निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यूरिया के चार नमूने भी लिए गए हैं।

---

## कोटपूतली में प्रतिभाओं को संवारता ग्रीष्मकालीन शिविर - बच्चों को मिलेगी हुनर और हौसले की उड़ान

### *ग्रीष्मकालीन कौशल विकास एवं अभिरुचि शिविर का हुआ शुभारंभ*

मरुधर विशेष

**कोटपूतली।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट और गाइड स्थानीय संघ कोटपूतली के तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन कौशल विकास एवं अभिरुचि शिविर का शुभारंभ हो गया है यह अभिरुचि शिविर 17 मई से 28 जून तक चलेगा। यह शिविर बच्चों के लिए न केवल गर्मियों की छुट्टियों को रचनात्मक ढंग से बिताने का माध्यम है, बल्कि उनकी प्रतिभा, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को निखारने का सुनहरा अवसर भी है। शिविर का दूसरा दिन ऊर्जा और उत्साह से भरपूर रहा। शिविर में डांस, जूडो-कराटे, कंप्यूटर, पेंटिंग, शतरंज, मेहंदी, ब्यूटीशियन, सिलाई, योग और इंग्लिश स्पोकन जैसी रोचक और जीवनोपयोगी गतिविधियों का प्रशिक्षण विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है।

### प्रतिभा निखारो, आत्मबल बढ़ाओ - यही है इस शिविर का मूल मंत्र।

प्रातः 7:30 बजे से 11.30 बजे तक चलने वाले इस शिविर में बच्चों को





समय का सदुपयोग करना और अनुशासन में रहना सिखाया जा रहा है। साथ ही स्काउट-गाइड गतिविधियों के साथ-साथ साहसी गतिविधियाँ भी आयोजित होंगी, जो बच्चों को साहस, सेवा और संकल्प का पाठ पढ़ाएंगी। स्थानीय संघ सचिव रामवीर यादव ने बताया कि शिविर में हर रोज स्थानीय भामाशाहों द्वारा पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं, जो सेवा भावना का श्रेष्ठ उदाहरण है। "जो सीखता है, वही आगे बढ़ता है" - इस विचार को साकार करता यह शिविर बच्चों को आत्मनिर्भर और हुनरमंद बनाने की दिशा में एक प्रभावशाली पहल है। शिविर सह निदेशक हंसराज यादव ने बताया कि पंजीकरण प्रक्रिया 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर जारी है। सीमित सीटों के कारण अभिभावकों से आग्रह है कि वे शीघ्र पंजीकरण करवाकर अपने बच्चों को इस सुनहरे अवसर का हिस्सा बनाएं।शिविर संचालक अतुल कुमार आर्य ने बालक बालिकाओं के अल्पाहार उपलब्ध करवाने पर भामाशाह रेखा यादव सूचना सहायक का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सीताराम गुप्ता, जयसिंह , पप्पू यादव, दिग्विजय सिंह, देवराज, संदीप जांगिड़ राजकुमार पालीवाल सुरेंद्र सैनी रजत सैनी राहुल सैनी शबनम फरीन बबीत राम रतन सेन सहित दक्ष प्रशिक्षक उपस्थित रहे

---

## विप्र फाउंडेशन सागवाड़ा द्वारा 25 मई 2025 रविवार को घुटना, कूल्हा जोड़ रोग परामर्श शिविर

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** सागवाड़ाअहमदाबाद के प्रसिद्ध डॉ प्रियांक गुप्ता वरिष्ठ जोड़ रोग परामर्श चिकित्सक व जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन एचसीजी मल्टीस्पेशल्टी हॉस्पिटल (35,000 से अधिक जोडों के रोगियों का बिना आपरेशन सफल इलाज एवं 10000 से ज़्यादा सफल ऑपरेशन का व्यक्तिगत अनुभव) घुटने, कूल्हे एवं अन्य जोडों के दर्द तथा लिगामेंट समस्याओं के परामर्श हेतु सागवाड़ा में विप्र फाउंडेशन सागवाड़ा





द्वारा आयोजित शिविर में उपलब्ध। हृश्वहृ पब्लिक स्कूल, BRKGB बैंक के सामने,गामोढवाड़ा सागवाड़ा, तारीख :25 मई 2025 रविवार समय : सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक RGHS, CGHS ß ECHS के लिए कैशलेस जोड़ प्रत्यारोपण सुविधा उपलब्ध पंजीकरण शुल्क 50 रुपये रजिस्ट्रेशन: फोन/व्हाट्सएप: डॉ विशाल भट्ट (वरिष्ठ फिजियोथैरेपिस्ट) 9313944424 / 9313944434 सयोजक विप्र फाउंडेशन सागवाड़ा प्रदीप गामोट जिला महासचिव एवं प्रभारी सागवाड़ा 9602482194 का संपर्क करें ये जानकारी डॉक्टर विशाल भट्ट ने दी।

---

## सरकारी संपत्ति बिना अनुमति होडिंग्स और पोस्टर से अटा,निगम प्रशासन बना मूक

**अलवर ।** नगर निगम की घोर अनदेखी के कारण शहरभर के चौक चौराहों और सर्किल पर होडिंग्स और पोस्टर चस्पा कर शहर को जहा बदरंग कर दिया गया है।वही नगर निगम को राजस्व का नुकसान हो रहा है।ताज्जुब यह है कि निगम के आला अफसर यह सब जानकर भी अनजान बने हुए है।निगम दफ्तर से कुछ ही दूरी पर ऐतिहासिक धरोवहर होप सर्कस को ही होडिंग्स पोस्टर से बदरंग कर दिया गया है। ऐसे में



शहर के चौक चौराहों की क्या स्थिति होगी।इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। दरअसल नियम यह कहता है कि सरकारी संपत्ति पर होडिंग्स तभी लगाए जा सकते है जब नगर निगम में राजस्व जमा करा कर अनुमति ली जाए।लेकिन नगर निगम प्रशासन हर क्षेत्र में विफल साबित हुआ है।नगर निगम की सफाई व्यवस्था भी लचर है।इसके अलावा बिना अनुमति के अवैध बिल्डिंग बनकर शहर की व्यवस्थित बनावट को धूमिल कर रहे है।अवैध बिल्डिंग बनने का ही नतीजा है कि शहर में यातायात प्रभावित हुआ है।आएदिन जाम की स्थिति बनी रहती है।इसके अलावा शहर के व्यस्थ बाजारों में भी अतिक्रमण पसरा हुआ है लेकिन नगर निगम प्रशासन उदासीन बना हुआ है।निगम की उदासीनता के कारण ही अब शहर को पोस्टर और होडिंग्स से पाट दिया गया है।बहरहाल निगम की जानबूझकर अनदेखी के कारण शहर को बिना अनुमति के होडिंग्स और पोस्टर चस्पा कर बदरंग कर दिया है।

मरुधरहिंद 24 न्यूज़ प्राइवेट लिमिटेड के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित,। मो. 9653906665, , (राजस्थान संपादक विशाल यादव 8875020583) ( राजस्थान सहसंपादक सुनील कुमार 98878 77947 ) 7014373732